तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025



13 एसआईआर के लिए सीईओ की होगी नियुक्ति...





13 अमृत भारत एक्सप्रेस ने पकड़ी रफ्तार रायपुर से...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षन कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते है तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करे, अंतिम तिथि : 16/10/2025




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते है, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


*मृतका एमएमआई में स्टाफ नर्स थी, आरोपी युवक पकड़ा गया*

# प्रेम में तीसरे की एंट्री से खफा प्रेमी ने नर्स को मार डाला, बाजार से खरीदा था चाकू


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर में लव ट्रायंगल में एमएमआई की स्टाफ नर्स प्रियंका दास को उसके ब्वाय फ्रेंड ने चाकू घोंपकर मार डाला। मृतका के ब्वाय फ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की हत्यारे के साथ पहचान कोटा स्थित एक निजी अस्पताल में काम के दौरान हुई थी। वहां नौकरी छोड़ने के बाद मृतका एमएमआई में नौकरी कर रही थी। बताया जा रहा है कि मृतका का अपने पुराने दोस्त से बात करना प्रेमी युवक को पसंद नहीं था, इसलिए उसने प्लान बनाकर हत्या की।

खबर है, प्रियंका दास (23) का प्रेमी दुर्गेश वर्मा अशोक नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। उसे कंम्प्यूटर आपरेटर बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे गुढ़ियारी में ही दबोच लिया। हत्या की वजह दोनों के मध्य युवती के पुराने दोस्त की एंट्री को बताया जा रहा है। प्रियंका की चिरमिरी के किसी एक अन्य युवक के साथ सात वर्ष पूर्व दोस्ती थी, इस वजह से प्रियंका का उसके साथ बातचीत होती रहती थी। उसका किसी दूसरे लड़के से बात करने की जानकारी मिलने पर दुर्गेश नाराज था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था। बताया जा रहा है, दुर्गेश ने प्रियंका से मिलने के तीन दिन पूर्व समय मांगा, तब प्रियंका ने दुर्गेश को मिलने के लिए अपने क्वार्टर में बुलाया। उसके बाद प्लान कर युवक लालपुर पहुंचा और हत्या कर भाग निकला।

### एक माह पूर्व किराए पर रहने आई थी

मकान मालिक दयाराम साहू के अनुसार प्रियंका पहले दूसरी जगह किराए पर रहती थी। एक माह पूर्व प्रियंका ने रूम किराए पर लिया था। प्रियंका जिस कमरे में रहती थी, वहां उसके साथ उसकी सहेली जो रूम मेट थी। वह भी एमएमआई में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है। प्रियंका की सहेली रात 10 बजे के करीब नाइट शिफ्ट करने के लिए गई और सुबह साढ़े 10 बजे के करीब लौटी, तब घटना की जानकारी मिली।









### मकान में 12 कमरे, किसी ने हत्यारे को नहीं देखा

प्रियंका जहां किराए पर रहती है, वह दो मंजिला मकान है। मकान में 12 कमरे हैं। सभी में किराएदार रहते हैं। प्रियंका ऊपरी मंजिल के छह नंबर कमरे में किराए पर रह रही थी। सभी कमरे आपस में सटे हुए हैं। कमरों के बाहर गैलरी बनी हुई है। मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस ने प्रियंका के रूम के आजू-बाजू में रहने वाले लोगों से पूछताछ की तो सभी ने घटना को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की। किसी ने प्रियंका के कमरे से लड़ाई झगड़ा या चिल्लाने की आवाज नहीं सुनी।

### प्लान बनाकर हत्या

*मामले का खुलासा करते हुए एएसपी डीआर पोर्ते ने बताया लालपुर, पटेल चौक में दयाराम साहू के मकान में किराए से रहने वाली चिरमिरी निवासी प्रियंका दास (23) की हत्या के आरोप में गुढ़ियारी, अशोकनगर निवासी दुर्गेश वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार रात की है। पुलिस को घटना की जानकारी मृतका की रूम मेट के माध्यम से मिली। घटना के समय मृतका की रूम मेट नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करने गई थी। सुबह रूम पहुंचने के बाद मृतका की रूम मेट ने प्रियंका की लाश देखी। इसके बाद उसने अस्पताल प्रबंधन को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार प्रियंका से मिलने जाने के पूर्व दुर्गेश ने बाजार से एक चाकू खरीदा। बुधवार को दुर्गेश, प्रियंका से मिलने के लिए पहुंचा तो उसने अपने साथ बैग में चाकू छिपाकर ले गया। दुर्गेश, प्रियंका के साथ दो घंटे से ज्यादा समय तक रहा। इस बीच दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान दुर्गेश ने बैग से चाकू निकालकर प्रियंका की छाती के नीचे चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। जिस चाकू से दुर्गेश ने प्रियंका की हत्या की, उस चाकू को दुर्गेश साथ ले गया। घटना को आत्महत्या का रूप देने मृतका के घर में रखा चाकू प्रियंका के हाथ में थमाकर मौके से फरार हो गया।*

# हरिभूमि की खबर पर मुहर, पहले चरण में सिर्फ एक टीला घाट के लिए लगेगी बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में रेत घाटों की नीलामी ऑनलाइन रिवर्स ऑक्शन से होगी। हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी कि जिले में ट्रायल के रूप में पहले एक घाट की नीलामी से शुरुआत होगी। इस खबर पर मुहर लग गई है। प्रशासन गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीला घाट की नीलामी से यह प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इस घाट की नीलामी सफलतापूर्ण रूप से होने के बाद अन्य घाटों के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए जाएंगे। ग्राम टीला घाट की नीलामी के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 21 दिनों के बाद ऑनलाइन आवेदन मंगाए जाएंगे। इसके लिए आज-कल में विज्ञापन जारी होने की संभावना है।



### इस वजह से पहले एक घाट की होगी नीलामी

जिले में पहली बार रेत घाट की नीलामी ऑनलाइन होने जा रही है। इसके लिए आवेदकों को आवेदन के साथ सारे दस्तावेज भी ऑनलाइन भेजने हैं, वहीं नीलामी की सारी प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी। इसे देखते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी खराबी या अन्य समस्याएं भी आ सकती हैं। इसे देखते हुए विभाग ट्रॉयल में एक घाट की नीलामी करने जा रहा है।

### प्रति घनमीटर 202 रुपए तय, सबसे कम बोली लगाने वाले को मिलेगा ठेका

*खनिज विभाग ने रेतघाट की नीलामी के लिए प्रति घनमीटर अधिकतम 202 रुपए तय किए हैं। ऑनलाइन बोली लगाने वाले आवेदक निर्धारित कीमत से कम में बोली लगा पाएंगे। इससे अधिक कीमत पर बोली लगाने पर आवेदन निरस्त हो जाएंगे। पिछली बार रेतघाट की नीलामी के लिए अधिकतम प्रति घनमीटर 110 रुपए निर्धारित किया था। शर्तों के अनुसार, जिसकी बोली घटते क्रम में सबसे कम रहेगी, उसे ही घाट का ठेका मिलेगा। इन शर्तों के अनुसार आवेदकों को भी निर्धारित कीमत से कम बोली लगाकर आवेदन करना होगा। हालांकि निर्धारित कीमत से 25 प्रतिशत से नीचे बोली नहीं लगाई जा सकेगी।*







त्यौहार की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...

JAB
ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
रायपुर मेडिकल के सामने, सदर बाजार, रायपुर
✆8815188151, 0771-2555802, 2555535

SUNDAY OPEN
VALET PARKING

SAMRIDDHI
JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
सदर बाजार, रायपुर
✆ 0771-2555400

ATUL PUBLICITY

संबंधित प्रतिष्ठान
मनोहरमल एंड कं., सदर बाजार | अनूप डायमंड्स, सदर बाजार | मनोहरमल ज्वेलर्स, हलवाई लाईन | श्री भंसाली ज्वेलर्स, भाटागांव

# एससीआर के लिए सीईओ की होगी नियुक्ति, 242 पदों का सेटअप बनेगा, नवा रायपुर में दफ्तर जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ का नया स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, एससीआर के लिए 242 पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके साथ ही इस संस्थान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति भी की जानी है। बताया गया कि आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को यह दायित्व सौंपा जा सकता है। राज्य सरकार ने एससीआर के गठन की प्रक्रिया में तेजी आई है। इस संबंध में नियम भी बनाए जा चुके हैं। एससीआर के क्षेत्र में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शामिल होंगे, जरूरत पड़ने पर इसका विस्तार अभनपुर और राजनांदगांव तक किए जाने की संभावना भी है। खास बात ये है कि एससीआर प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था होगी। इस संस्था की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। प्राधिकरण में चार मंत्री और सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

- आवास-पर्यावरण सचिव बनाए जा सकते हैं सीईओ
- सरकार की मंजूरी के बाद बनेगा संचालक मंडल



### 240 पदों का नया सेटअप

एससीआर के लिए 242 पदों का सेटअप तैयार कर पदों का सृजन किया जा रहा है। यह संभावना भी है कि इन पदों पर अन्य विभागों से अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लिया जाए। इन पदों में एक महत्वपूर्ण पद मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का होगा। संभावना है कि इस पद पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को पदस्थ किया जा सकता है। यह सेटअप तैयार होने के बाद इसका प्रारूप राज्य शासन को भेजा गया है। सरकार के मंजूरी मिलने के बाद पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### संचालक मंडल का भी गठन

एससीआर के लिए एक संचालक मंडल यानी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का गठन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है। जानकारों की मानें तो संचालक मंडल में तीन या चार अधिकारी शामिल हो सकते हैं। एससीआर राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रमुख योजना है। 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसके गठन का चुनावी वादा भी किया था। अब सरकार वादा निभा रही है। एससीआर के गठन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### पर्यावास भवन में होगा दफ्तर

एससीआर का नया कार्यालय नवा रायपुर में बनाने की योजना है। सरकार के पास इसके लिए पर्यावास भवन में स्थान उपलब्ध है। यहीं से आवास एवं पर्यावरण विभाग के दफ्तर संचालित हो रहे हैं। लिहाजा इस बात की संभावना अधिक दिख रही है कि एससीआर का मुख्यालय नवा रायपुर में होगा।

---

### पुष्पलता को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने व्याख्याता पुष्पलता बनसोडे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध विषय मनोविज्ञान में साइको सोशल डायनेमिक्स ऑफ इफेक्टिव स्कूलिंग रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य रविवि मनोविज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. बशीर हसन के निर्देशन में पूर्ण किया। वे बुद्धवासी एचबी सरादे और चंद्रकला सरादे की पुत्री एवं डॉ. केबी बनसोडे की पत्नी हैं।

## निधन

### हरिकृष्ण शर्मा



**रायपुर।** न्यू सेल टैक्स कालोनी निवासी सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा (कटगी वाले) का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे अभिषेक शर्मा और सौरभ शर्मा के पिता थे।

### बलवंत किन्हेकर



**रायपुर।** दुर्ग शंकर नगर निवासी बलवंत किन्हेकर (93) का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग शिवनदी मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश किन्हेकर के पिता, भास्कर किन्हेकर के भाई, लक्ष्मीकांत एवं रविंद्र किन्हेकर के चाचा थे।

---

22 कोच वाली इस अमृत भारत ट्रेन में 15 जनरल और 7 स्लीपर कोच की सुविधा

# अमृत भारत एक्सप्रेस ने पकड़ी रफ्तार रायपुर से मिल रहे 300 से अधिक यात्री

**जबलपुर इंटरसिटी से रेलवे का बढ़ रहा राजस्व, राजिम के लिए यात्रियों का अब भी इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ओडिशा को गुजरात से जोड़ने और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली पहली अमृत भारत एक्सप्रेस को यात्रियों से शानदार प्रतिसाद मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके बाद 5 अक्टूबर से यह ट्रेन नियमित रूप से चल रही है। ट्रेन सप्ताह में हर मंगलवार को चलती है, लेकिन इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ट्रेन में उपलब्ध आधुनिक सुविधाएं हैं। खास बात यह है कि जनरल कोच में भी यात्रियों को स्लीपर जैसी गद्देदार सीटें मिल रही हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि रायपुर मंडल से ही इस ट्रेन में 300 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। 22 कोच वाली इस ट्रेन में 15 जनरल और 7 स्लीपर कोच हैं। सामान्य कोच की अधिक संख्या होने से द्वितीय श्रेणी के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। यात्रा शुरू होने के पहले दिन से ही यह ट्रेन पूरी तरह पैक चल रही है।




### त्योहारों पर अमृत भारत एक्सप्रेस की सीटें फुल

दीपावली और छठ पर्व पर ओडिशा और गुजरात जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस की सीटें अभी से फुल हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, 14 नवंबर तक इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी में 70 से अधिक वेटिंग चल रही है। ऑनलाइन बुकिंग में स्लीपर कोच की 260 से अधिक सीटें उपलब्ध कराई गई हैं, जो रायपुर से पूरी तरह भरी हुई चल रहीं। वहीं जनरल कोच की संख्या अधिक होने से यात्री अब अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के बजाय इसी ट्रेन को प्राथमिकता दे रहे हैं। यात्रियों को राहत इसलिए भी है, क्योंकि यह ट्रेन ओडिशा और सूरत तक अन्य एक्सप्रेस की तरह ही समय पर पहुंच रही है। यह पहली ऐसी एक्सप्रेस है, जिसमें रेलवे ने स्लीपर कोच अपेक्षाकृत कम रखे हैं। इसके बावजूद साफ-सफाई और आधुनिक सुविधाओं के कारण यात्री इसे स्लीपर ट्रेन जैसा ही अनुभव मान रहे हैं।

### इंटरसिटी एक्सप्रेस को अमरकंटक जैसा रिस्पॉन्स

रायपुर से जबलपुर के बीच चल रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ने कुछ ही महीनों में रेलवे की प्रमुख राजस्व देने वाली ट्रेनों में जगह बना ली है। इस ट्रेन में जोन से ही जबलपुर और बालाघाट जाने वाले करीब 60 प्रतिशत यात्री सफर कर रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब यह ट्रेन भी अमरकंटक एक्सप्रेस की तरह लोकप्रिय होती जा रही है। तय समय में गंतव्य तक पहुंचने और यात्रा में समय की बचत होने की वजह से अधिकतर यात्री अब इंटरसिटी एक्सप्रेस को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

### राजिम लोकल को अब भी यात्रियों का इंतजार

रायपुर से राजिम के बीच चल रही लोकल ट्रेन को अब भी पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। पहले रायपुर से अभनपुर तक भी यही स्थिति बनी हुई थी। राजिम तक विस्तार के बाद यात्रियों की संख्या में प्रतिदिन करीब 100 की वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन अभी भी बसों की तुलना में यात्रियों का रुझान ट्रेन की ओर कम है। रेलवे ने संकेत दिया है कि आगामी एक वर्ष के भीतर इस ट्रेन का विस्तार धमतरी तक किया जाएगा। रेलवे को उम्मीद है कि विस्तार के बाद यात्रियों की संख्या और बढ़ेगी।

---

# कैबिनेट आज, धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति को मिलेगी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- दोपहर 11.30 बजे मंत्रालय में होगी बैठक

साय कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को होगी। कैबिनेट में चालू खरीफ वर्ष के लिए धान की उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग की नीति को मंजूरी मिलेगी। साथ ही धान खरीदी की तिथि भी तय किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उपसमिति के निर्णय का अनुमोदन किया जाएगा।

समिति ने इस साल धान खरीदी नवंबर माह से शुरू करने का सुझाव दिया है। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। राज्योत्सव की तैयारियों के अलावा यहां पर लगने वाले पांच दिवसीय मेले को लेकर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर सहमति बन सकती है।

### शिवसेना कार्यसमिति की बैठक में कई निर्णय

**रायपुर।** शिवसेना कार्यसमिति की एक होटल में बैठक रखी गई। इस संबंध में प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला एवं प्रदेश महासचिव संजय नाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 14 दिसम्बर तक दंतेवाड़ा से रायपुर तक हिंदू राष्ट्रीय मोर्चा कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। जिसमें हिंदू राष्ट्र की मांग के साथ ईशनिंदा कानून, धर्मान्तरण, रोहिंग्या मुसलमानों को प्रदेश से बाहर करना, गोमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर विशाल सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। आगे जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक दुर्ग और रायपुर संभाग मिलाकर एक लाख हस्ताक्षर अभियान संपन्न किया जा चुका है। वहीं बैठक के दौरान प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के अलावा मधुकर पाण्डेय, रेशम जांगड़े, सुनील झा, राकेश श्रीवास्तव, संजय नाग, सूरज साहू, शिवराम केशरवानी, एचएन सिंह, भैयालाल द्विवेदी, धनंजय चैहान, हिमांशु शर्मा, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े, कमलाकर यादव, ईश्वर निषाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# करवाचौथ आज मनाएंगे, चंद्र दर्शन के बाद सुहागिनें करेंगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आगामी करवाचौथ व्रत को लेकर अब ग्रामीण अंचलों की महिलाएं भी पूरी तैयारी में जुट गई हैं। गांव-गांव में सुहागिन महिलाओं के बीच उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। परंपरागत रीति-रिवाजों और आस्था से ओतप्रोत यह पर्व अब शहरों से निकलकर गांवों की गलियों में भी खूब रंग बिखेर रहा है।सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर दिनभर उपवास करेंगी। सांझ ढलते ही वे चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर अपने जीवनसाथी के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का पारण करेंगी। गांवों के साप्ताहिक हाट-बाजारों में इन दिनों श्रृंगार सामग्री, मेहंदी, चूड़ी, चुनरी और साड़ी की खूब बिक्री हो रही है। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है।

## बाजारों की रौनक बढ़ी और सजाई आरती की थाली




## करवाचौथ सौभाग्य, समर्पण और प्रेम का प्रतीक

खासकर युवतियों और नवविवाहित महिलाओं में करवाचौथ को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कई घरों में महिलाएं थाली सजाने, पूजा की तैयारी और सजावटी दीपक बनाने में जुटी हैं।पारंपरिक और आधुनिकता का संगम जहां एक ओर बुजुर्ग महिलाएं पारंपरिक विधि से व्रत करने की तैयारी कर रही हैं, वहीं नई पीढ़ी की महिलाएं मोबाइल ऐप और इंटरनेट के माध्यम से पूजा विधि व गीत सीख रही हैं। गांवों में सामूहिक रूप से करवाचौथ मनाने की परंपरा भी तेजी से बढ़ रही है, जहां महिलाएं एकजुट होकर पूजा कर अपने पतियों के मंगलमय जीवन की प्रार्थना करती हैं। सौभाग्य का पर्व, आस्था का प्रतीक करवाचौथ को सौभाग्य, समर्पण और प्रेम का प्रतीक पर्व माना जाता है। इस अवसर पर महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहनकर, हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर पूरे आस्था भाव से व्रत रखती हैं। गांवों की महिलाएं कहती हैं करवाचौथ सिर्फ व्रत नहीं, यह पति-पत्नी के रिश्ते में विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। चाहे दिनभर पानी न मिले, पर पति की लंबी आयु की कामना से यह व्रत सहज लगता है।"

## खबर संक्षेप

### आरएसएस ने शस्त्र पूजन कर किया पथ संचलन

**अभनपुर।** विजयादशमी के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सेक्टर-27 स्थित मुख्य गार्डन में भव्य शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाम 3.30 से 6 बजे तक चला, जिसमें 126 स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और संगठन की शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख डॉ. शांतिस्वरूप दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संघ के आगामी शताब्दी वर्ष की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुडऩे का आह्वान किया और पाँच परिवर्तन को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। मुख्य अतिथि डायरेक्टर ट्रिपल आईटी प्रो डॉ. ओ.पी. व्यास ने अपने जीवन के प्रेरक प्रसंग साझा किए उन्होंने कहा कि बचपन में शाखा से प्राप्त संस्कारों ने उनके जीवन निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाई। उन्होंने संघ पर लगे प्रतिबंध के दौरान अपने पिता के जेल जाने की घटना को स्मरण करते हुए बताया कि उसी अनुभव ने उन्हें राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अग्रसर किया। मंच पर आरंग खंड संघचालक संतोष वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन चेतन बापट ने किया। लिमेश साहू के एकल गीत, अक्षत वर्मा और आदित्य साहू के सुभाषित प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और अधिक संस्कारमय बना दिया। समापन अवसर पर संघ के घोष (बैंड) के साथ निकला पथ संचलन नवा रायपुर की सडक़ों पर अनुशासन और संगठन की सजीव झांकी के रूप में दिखाई दिया। इस अवसर पर जिला सह कार्यवाह ईश्वर कन्नौज ,जिला पर्यावरण प्रमुख राजेश अग्रवाल,जिला संपर्क प्रमुख डॉ. वारा प्रसाद कोला सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### उद्यम लर्निंग इस्त्री प्रोजेक्ट से स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लाभ

**रायपुर।** उद्यम व्यापार ने गुरुवार को एक नई उपलब्धि की घोषणा की है। इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितंबर 2025 तक देशभर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की कुल आय में 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है।
इस अवसर पर कृष्णन रंगनाथन, सह-संस्थापक, उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने कहा कि 'उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो यह बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना हज़ारों वेंडर्स के लिए गौरव की बात है।

## अभियान : स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न

# सामाजिक अंकेक्षण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी

09-10 arang news 004



आरंग। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बकतरा में आज सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय विकास समिति की अध्यक्ष राजेश्वरी शर्मा एवं गजाधर बैस ने की। कार्यक्रम में उपस्थित अंकेक्षण दल की टीम लीडर राजेश्वरी शर्मा, व्याख्याता शा.उ.मा. विद्यालय गोढ़ी ने बताया कि विद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक एवं भौतिक मानकों के अनुरूप निरीक्षण किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से गणित एवं विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी बोर्ड परीक्षा की तैयारी का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला, डिजिटल क्लासरूम, पुस्तकालय, खेल सामग्री तथा स्वच्छता व्यवस्था का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय में स्थापित डिजिटल कक्षाएं और ई-लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रही हैं। इस अवसर पर हाई स्कूल बकतरा से बी. एस. भगत, शाला प्रबंधन समिति सदस्य मालिक राम पटेल, जनप्रतिनिधि नरेंद्र पटेल, रेवती साहू, नारद धीवर, मिथिलेश, भूषण ओगरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विद्यालय परिसर में हुए इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि गुणवत्ता ही शिक्षा की सच्ची पहचान है और बकतरा स्कूल इस दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## गनौद विद्यालय में संपन्न हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक शाला गनौद में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा विद्यालय में संचालित गतिविधियों का सामाजिक मूल्यांकन करना रहा। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता रही। इस अवसर पर सदस्य चम्मन लाल साहू, संकुल समन्वयक जग्गूराम साहू, व्याख्याता कमलकिशोर ठाकुर, सुखनंदन टंडन, पंचूराम ध्रुव, मोहित टंडन, फरहीन काजी, शरद यादव, प्रधान पाठक एस. एनेश्वरी, शिक्षक नरेश चंद्राकर, चित्ररेखा साहू सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शिक्षण गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय में शिक्षण कार्य की सराहना करते हुए आगे भी शैक्षणिक उत्कृष्टता बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चित्ररेखा साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक एस. एनेश्वरी ने किया।

### आरंग संकुल के स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण

**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत आरंग संकुल के शासकीय स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न हुआ। यह अंकेक्षण शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, स्कूलों की कमियों को पहचानने और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से किया गया।शासकीय प्रायमरी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर रोड आरंग में अंकेक्षण प्रभारी प्रधान पाठक मनहरण ध्रुव एवं शिक्षिका शशि कला ढीढी ने किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य हरीश शर्मा, संकुल समन्वयक पोखन साहू, पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर, शिक्षाविद अशोक साहू, चंद्रशेखर लोधी, रति साहनी, केशव कंसारी, प्रेम कुमारी देवांगन आदि पालकगण, प्रधान पाठकगण जया वर्मा, चित्रा देवांगन, शिक्षक सुनीता वर्मा, राजेश साहू, पवन कुमार साहू, केसरी ढीढी, पिंकी गुप्ता आदि की सहभागिता रही।

### अधिकारियों ने सामाजिक अंकेक्षण का किया निरीक्षण

**आरंग।** जिला परियोजना अधिकारी रायपुर से अरुण शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आरंग एम.एन. वर्मा के द्वारा संकुल कन्या मंदिर हसौद विकासखंड आरंग जिला रायपुर के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बहनाकाड़ी खदानपारा, शासकीय प्राथमिक शाला बहनाकाड़ी, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला मंदिर हसौद एवं शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला मंदिर हसौद स्कूलों में हो रहे सामाजिक अंकेक्षण का निरीक्षण किया गया। जिसमें शिक्षकों, पालकों एवं सामुदायिक के द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक अंकेक्षण की बारीकी को शर्मा सर के द्वारा विस्तृत जानकारी से मार्गदर्शन किया। जीवन में वृक्ष, एवं सांसों का हमारे जीवन में क्या महत्ता है के बारे में समुदाय को जानकारी दी गई। साथ ही साथ शासन के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में पालकों को बताया गया।आज शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला मंदिर हसौद में रेणु यदु के द्वारा अपने जन्म दिन के अवसर पर शाला के छात्रों को न्योता भोज दिया जिसका शर्मा सर, और वर्मा सर के द्वारा बहुत प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान संकुल कन्या मंदिर हसौद के संकुल समन्वयक दीनदयाल साहू भी उपस्थित रहे।

## लापता युवक की लाश तीन दिन पर खदान के पास मिली

**मंदिर हसौद।** मंदिर हसौद में रविवार से लापता युवक का लाश मंदिर हसौद जिंदल के पास स्थित बंद पड़ी चूना पत्थर की खदान पर मिला । पीड़ित परिवार ने बताया कि मृतक सिद्धार्थ भारती पिता स्वर्गीय संतोष भारती उम्र 17 वर्ष निवासी बाजार चौक मंदिर हसौद जो रविवार शाम 4बजे नहाने के लिए टॉवेल साबुन लेकर घर से निकला था । जो कि वापस घर नहीं आए जिस पर परिजन द्वारा आसपास रिश्तेदार व पहचान वालो के यहां पता तलाश किया गया । कुछ पता नहीं चलने पर मंगलवार को मंदिर हसौद पुलिस थाना पहुंचे , जहां मंदिर हसौद पुलिस द्वारा पहचान के लिए आईडी प्रूफ लेकर दूसरे दिन बुलाया गया था। वही बुधवार 8 अक्टूबर को राहगीर द्वारा खदान के पास लाश देखा गया । जिसकी सूचना मंदिर हसौद थाने को दिया गया । जहां घटनास्थल पर मंदिर हसौद पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंचे । वही गुमशुदगी के रिपोर्ट लिखवाने पहुंचे परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया । जहां मृतक की पहचान सिद्धार्थ भारती के रूप में हुए जहां चेहरा पूरी तरह से डैमेज हो चुका था। वही मामले को लेकर मंदिर हसौद पुलिस जांच पड़ताल कर रहे हैं।

## धड़ल्ले से शराब की अवैध बिक्री जारी पर अंकुश नहीं

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में जमकर अवैध शराब की बिक्री निरंतर जारी है, कई छोटे बड़े कोचिए इन दिनों शराब के धंधे में लिप्त हो गए हैं, गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री जारी है। शहर व क्षेत्र में कई कोचिए छत्तीसगढ़ के शराब को ही अवैध रूप से बेच रहे हैं।
वहीं तिल्दा नेवरा शहर में ही कई सफेदपोश काफी तेजी से अवैध शराब के धंधे में उतरकर दूसरे प्रदेशों से शराब मंगवाकर बिक्री करने व बिकवाने में लगे हुए हैं, सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में तिल्दा नेवरा शहर में ही कई ऐसे शराब तस्कर तेजी से उभर कर सामने आए हैं जो दूसरे प्रदेशो से कई ब्रांडेड शराब मंगवाकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं।

## शिक्षा ही मानव समाज के विकास की धुरी : दीवान



**आरंग।** शिक्षा से जीवन संस्कारवान बनता है शिक्षा प्राप्त होने पर हमें अधिकार व कर्तव्यों का बोध होता है इसके बिना मनुष्य जीवन पशुतुल्य है। परिवार समाज व देश की उन्नति में शिक्षा की महती भूमिका है। मिली जानकारी अनुसार पूरे प्रदेश में शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ शिक्षक पं छत्रधर दीवान ने सीएसी युवराम साहू टीम के तामेश्वर साहू, दशरथ साहू, हितेंद्र साहू, रोशन साहू, मयंक साहू, रामप्यारा साहू व शाला के शिक्षक विरेन्द्र टंडन, राजकुमार दीपक, हरीशंकर साहू की उपस्थिति में 8 अक्टूबर को शास पूर्व मा शाला कुकरा का सामाजिक अंकेक्षण किया। जिसमे बच्चों ने पूछे गए प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया टीम लीडर दीवान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी विषय में अरुचि होने से वह जटिल लगने लगता है किन्तु निरंतर अभ्यास से इंग्लिश गणित जैसा विषय सरल हो जाता है। अंकेक्षण टीम ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति कड़ी मेहनत कर गांव व स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## विश्व दृष्टि दिवस कार्यक्रम नेत्र सुरक्षा की दी जानकारी



**आरंग।** 9 अक्टूबर को विश्व दृस्टि दिवस पूरे विश्व भर जनजागरूकता अभियान के रूप मे मनाया जाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग मे भी जनजागरूकता अभियान के रूप मे कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी अनंत ने ग्रामीणों एवं मरीजों को आँखों की सुरक्षा करने प्रतिवर्ष अपनी नेत्र की जाँच कराने के सम्बन्ध मे जानकारी बताई। नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे ने बताया की प्रति वर्ष अक्टूबर माह के द्वितीय गुरुवार को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत लायन्स इंटरनेशनल क्लब फाउंडेशन ने सन 2000 मे की थीं। इसका उदेश्य अंधेपन को रोकना, दृष्टि की सुरक्षा है, इस साल का थीम है /"लव युवर आई (अपने आँखों से प्यार कर) अंधत्व के प्रमुख कारण मोतियाबिंद, ग्लाकोमा, डायबीटिक रेटिनोपैथीं, दृस्टिदोष, कॉनियल ओपेसिटी, आजकल लगातार मोबाइल, टीवी के ज्यादा उपयोग से भी आँखों मे प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आदि गंभीर बीमारियों से आँखों को समय पर नेत्र परीक्षण कराने से दृस्टिहिन होने से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी अनंत, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रामनारायण दास, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सागर स्वर्णकार, डॉ गगन देवांगन, बीपीएम दीपक मिरे, नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नौरंगे, अन्नपूर्णा वर्मा, पर्यवेक्षक महेश चंद्राकर, रुनू दत्ता, रामकुमार साहू, नेर्सिंग सिस्टर एन पीटर, ड्रेसर सुरेंद्र साहू, सहित बड़ी संख्या मे कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेत घाट की नीलामी रोकने कलेक्टर को लिखा पत्र

**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कागदेही रेत घाट को को ठेके पर न दिये जाने की मांग करते हुए नगर पंचायत समोदा के अध्यक्ष छोटे लाल सोनकर ने कलेक्टर रायपुर को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत समोदा क्षेत्रांतर्गत कागदेही रेत घाट हरदीडीह घाट डेम जलभराव क्षेत्र में आता है, नदी के दोनो तरफ गांव के किसानो द्वारा डेम के पानी से कृषि कार्य किया जाता है। जिसे रेत ठेकेदारो के द्वारा बांध के गेट खोलकर बांध सुखा कर रेत का परिवहन करते है, जिससे बांध का पानी बह जाने के कारण आस-पास पानी का लेबल बहुत ही नीचे हो जाता है।

## जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भूमिका रहीं प्रथम



**आरंग।** आरंग विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा पलौद की कक्षा दसवीं की छात्रा भूमिका जोशी ने जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला में आयोजित सेमिनार विषय क्वांटम युग का आगाज संभावनाएं एवं चुनौती पर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रथम स्थान हासिल हुआ। इस शानदार सफलता पर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा और विद्यालय के प्राचार्य श्रीराम बंडारू, संकुल समन्वयक गण प्रहलाद शर्मा, हरीश दीवान, मनोज मुछावर, व्याख्याता बिंदिया गोस्वामी, प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव व शाला परिवार ने छात्रा भूमिका जोशी को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। यह जीत न केवल भूमिका की वैज्ञानिक प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीण विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के बढ़ते स्तर का भी प्रमाण है।

## गौरैया पक्षियों का झुंड बना आकर्षण का केंद्र



**आरंग।** आरंग रेलवे फाटक के आसपास बड़ी संख्या में गौरैया चिड़ियों का दाना चुगना राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। लोग रेलगाड़ी गुजरने का इंतजार करते सैकड़ों पक्षियों को एकत्रित होकर दाना चुगने का दृश्य देखते रहते हैं। दरअसल गाड़ियों में चांवल का बागीन के दरम्यान यहां चांवल का दाना गिरा होता है।उसी को चुगने गौरैया यहां एकत्रित होती है। पहले गौरैया घर घर नजर आता था। पर आजकल यह पक्षी घरों में नजर नहीं आती। यही कारण है कि इन पक्षियों का झूंड आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

**आम सूचना**

वाके मौजा ग्राम कुहेरा प.ह.नं.19 रा.नि.मं.व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं. 281/1, 281/2, 280, 282 रकबा क्रमश 0.18 हे., 0.16 हे., 0.03 हे., 0.03 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.40 हे. कृषि भूमि बिक्री के संबंध में।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1. रामस्वरूप कुर्रे पिता टेटकू कुर्रे 2. कान्हून कुर्रे पिता टेटकू कुर्रे निवासी कुहेरा वाले के एकल-एकल नाम से वाके मौजा ग्राम कुहेरा प.ह.नं. 19 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में ख.नं.281/1, 281/2, 280, 282 रकबा क्रमश. 0.18 हे., 0.16 हे., 0.03 हे.,0.03 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.40 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नहीं होगा।

सो सूचना जानें,
आरंग छ.ग.
दिनांक 09/10/2025
के. के. गुप्ता (अधिवक्ता)
इंदिरा चौक आरंग, जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 94252.28796, 7974662256

## कोहका केंद्र से 30 बोरे धान की चोरी, वाहन जब्त, 4 गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** प्रार्थी संदीप शर्मा के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 07 अक्टूबर रात्रि 11:00 बजे से दूसरे दिन सुवह तक अज्ञात चोर के द्वारा धान संग्रहण केन्द्र कोहका के फड क्रमांक 03 से 30 बोरी धान प्रति बोरी में 40-40 किलो भरा हुआ कीमती करीब 37200/रू को चोरी कर ले गये है, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर पतासाजी में लिया गया।

नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा देवनारायण यादव उम्र 21 वर्ष, देवाशीष मानिकपुरी उम्र 23 वर्ष, नितेश निषाद उम्र 22 वर्ष, बुधारु यादव उम्र 20 वर्ष सभी ग्राम तुलसी नेवरा निवासी आरोपियो को सद्यन पूछताछ करने पर चोरी करने की योजना बनाकर चोरी करना स्वीकार किये, जिस पर आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डी0आई0 वाहन क्रमांक सीजी 04 जे.ए. 6232 तथा 30 बोरी धान को जप्त किया गया है, साथ ही चोरी के उक्त धान को खरीदी करने वाले के बारे में भी आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आरोपियों को धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तारी पश्चात रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया।

## प्रशासन पर नोटिस नहीं देने का आरोप लगाते हुए किया हंगाम

# पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण पर चला जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे वार्ड क्रमांक 21 मिशन अस्पताल के सामने अवैध अतिक्रमण को तोड़ा



तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे मिशन अस्पताल के सामने कुछ लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे तहसीलदार रामप्रसाद बघेल, नायब तहसीलदार टोमन कुमार पटवारी गण आदि उपस्थित होकर तुड़वा रहे थे। जहां पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, एक अतिक्रमण लगभग पूरी तरह से टूट चुका था और एक आधा अधूरा टूटा हुआ था, इसी बीच अतिक्रमण करने वाले व उनके परिवार वाले आए और आरोप लगाते हुए कहा कि अतिक्रमण तोड़ने से पहले नोटिस जारी करना था लेकिन बिना नोटिस जारी किया हमारे अतिक्रमण को तोड़ दिया गया जहां पर काफी विवाद की स्थिति निर्मित हुई। बता दें अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में हड़ताल की वजह से पुलिस बल वहीं मौजूद था एक दो पुलिस बल ही अतिक्रमण हटाने के पास था जहां काफी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। अतिक्रमण किए कुछ पुरुष व महिलाएं जेसीबी वहान के सामने बैठ गए, जिसके बाद पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने समझाया लेकिन वे नहीं मान रहे थे और जेसीबी के सामने ही बैठे हुए थे। बार-बार आरोप लगाया जा रहा था कि बिना नोटिस दिए अतिक्रमण क्यों तोड़ दिया गया और जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा, काफी भीड़ यहां पर इकट्ठा हो गई थी तभी अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में ड्यूटी कर रहे कुछ पुलिसकर्मी एवं नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी पहुंचे और सभी को खदेड़ा गया।

**पुलिस रही मुस्तैद :** नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी की उपस्थिति में भीड़ खदेड़ा गया उसके बाद अतिक्रमण कर रहे लोग भी जेसीबी वाहन के सामने से हट गए। महिला पुलिस और पुलिस कर्मचारियों की कार्रवाई पर काफी नोक झोंक भी यहां पर देखने को मिला।



**एजूकेशन लाइव**

## शिक्षा का असली उद्देश्य सभ्यता संस्कृति और समाज से जुड़ना



**रायपुर।** दिशा कॉलेज एवं पेलोटी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्लेसमेंट असिस्टेंस' विषय पर तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का शुभारंभ बुधवार को हुआ। वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा, प्रशिक्षण, संचार कौशल और आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर कॅरियर अवसर प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप छत्तीसगढ़ प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमीशन की पूर्व चेयरमैन डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला उपस्थित रहीं। साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर पीटी एजुकेशन श्याम वर्मा, सीएफए ट्रेनर विकी प्रजापति, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी और पैलोटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे मौजूद रहे। डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि 'ज्ञान को आत्मसात करने के साथ-साथ स्वयं को जानना और समझना आवश्यक है। जब हम अच्छे इंसान बनते हैं, तभी एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है।' उन्होंने विद्यार्थियों को चिंतनशील बनने और अपने अंदर छिपे ज्ञान को पहचानने की प्रेरणा दी।

### सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है

डॉ. ए.के. तिवारी ने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थी दोनों ही समाज के महत्वपूर्ण संसाधन हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस वर्कशॉप का पूरा लाभ उठाने, अपने कम्युनिकेशन स्किल पर काम करने और हर कार्य के प्रति श्रद्धा रखने की सलाह दी। वहीं, डॉ. कुलदीप दुबे ने कहा कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है और हमें जीवनभर सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभ्यता, संस्कृति और समाज से जुड़ना ही शिक्षा का असली उद्देश्य है, क्योंकि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा आवश्यक है। वर्कशॉप के प्रथम सत्र में विकी प्रजापति ने संचार कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इंटरव्यू के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और प्रभावी संवाद कैसे किया जा सकता है। वहीं, द्वितीय सत्र में श्याम वर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि 'अगर आपके अंदर विश्वास है तो आप पहाड़ भी हिला सकते हैं।' साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित मेडिटेशन करने की सलाह दी, जिससे एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए. पूजा नारायण ने किया। वर्कशॉप में दिशा कॉलेज एवं पैलोटी कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**लाइव इवेंट**

## लौह शिल्पकला प्रदर्शनी में आदिवासी कला एवं परंपरा की दिखी झलक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लौह एवं शिल्पकार विकास बोर्ड द्वारा राजधानी रायपुर के टाउन हॉल में 3 दिवसीय लौह शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और पश्चिम विधान सभा के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को रायपुर के टाउन हॉल में 3 दिवसीय प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ लौह एवं शिल्पकार विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के लौह शिल्पकारों को उनके द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में बोर्ड द्वारा लौह एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

### लौह शिल्पकारों के 12 स्टॉल सजे

तीन दिवसीय प्रदर्शनी 11 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें लौह शिल्पकारों के 12 स्टॉलों के माध्यम से उनके द्वारा निर्मित सामग्री की भव्य प्रदर्शनी-सह विक्रय किया जा रहा है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध बस्तर आदिवासी लौह शिल्प, बस्तर आर्ट, पुरखौती लौह शिल्प, संस्कृति लौह शिल्प, परंपरा लौह शिल्प का विशाल संग्रह एवं विभिन्न शिल्प सामग्रियां विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी आम लोगों के लिए सुबह 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक चल रही है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर महापौर मीनल चौबे, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर लौह शिल्पियों, कारीगरों को बधाई और शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया।

**महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय मैक फिएस्टा का समापन**

# फैशन शो में बिखरी भारतीय संस्कृति की छटा रैंप वॉक में स्टूडेंट्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा

भारतीय संस्कृति की विविधता और भव्यता को मंच पर जीवंत करते हुए महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय मैक फिएस्टा का समापन गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक फैशन शो के साथ हुआ। मैक सभागार में भारतीय पारंपरिक विवाह संस्कृतियों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्रूम-ब्राइडल थीम के साथ वेस्टर्न थीम पर भी रैंप वॉक हुआ इसने पारंपरिक और आधुनिकता के सुंदर संगम को दर्शाया था। केसरिया बालम आवो नी, पधारो मारे देश...की सुमधुर धुन के साथ मंच पर जब पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राएं उतरे, तो पूरा माहौल भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से घिरा नजर आया।







**रायपुर।** राजपुताना ब्राइडल ने हाथों में तलवार और कमर में कटार के साथ मंच पर एंट्री ली, रैंप वॉक में शानदार एंट्री ने दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया। जहां छात्रों ने राजस्थानी, गुजराती, मारवाड़ी, बिहारी, पंजाबी, साउथ इंडियन, मराठी और छत्तीसगढ़ी ब्राइड-ग्रूम के पारंपरिक पोशाक और आभूषणों में रैंप वॉक करते नजर आये।

### ब्लैक ब्लेजर और गॉगल्स में स्टाइलिश लुक

मैक फिएस्टा में फैशन शो के दौरान छात्रों ने रैंप वॉक में फिल्मी सितारों की तरह धमाकेदार एंट्री ली। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न थीम तक, हर अंदाज में लड़कों ने अपने लुक और कॉन्फिडेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। ग्रूम एंट्री में राजस्थानी, मराठी और पंजाबी संस्कृति की झलक बखूबी देखने को मिली। वहीं, पारंपरिक शेरवानी, साफा, फेंटा, कुर्ता-पायजामा और सांस्कृतिक आभूषणों के साथ छात्रों ने रीति-रिवाजों की झलक भी प्रस्तुत की। दूसरी ओर, वेस्टर्न लुक में ब्लेजर, जैकेट और ब्लैक आउटफिट्स में छात्रों ने आधुनिक फैशन पेश किया। ब्लैक ब्लेजर और गॉगल्स में सजे छात्र का स्टाइल दर्शकों के बीच चर्चा का विषय रहा, जिसमें स्टाइल के साथ ब्लेजर और अपने लुक को प्रेजेंट किया था।



### पुरानी सीडी से बना डिजाइनर कॉस्ट्यूम

छात्रा ने वेस्टर्न थीम पर डिजाइनर कॉस्ट्यूम तैयार किया। यह डिजाइनर आउटफीट 50 से अधिक सीडी कैसेट्स की मदद से तैयार किया गया, जो दर्शकों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। फिल्मी कलाकारों की अंदाज में एंट्री के साथ छात्रा ने रैंप वॉक करते कई अदाओं में पोज भी दिये। पुराने म्यूजिक सीडी कैसेट्स से सजे इस अनूठे परिधान ने न केवल रैंप वॉक में ग्लैमर जोड़ा, बल्कि री-साइक्लिंग से क्रिएटिविटी भी दर्शाया गया।

### हाथों में तलवार लेकर राजपुरानी ब्राइडल की एंट्री

हाथा में तलवार थाने कमर कटारा सोवे, काना रा गजमोती...यह पारंपरिक मारवाड़ी लोक गीत राजस्थान और राजपुतानी संस्कृति को दर्शाती है। ऐसे में फैशन शो के दौरान हाथों में तलवार लेकर राजपुरानी ब्राइडल की एंट्री ने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। रैंप वॉक में आभूषणों का भी अद्भुत मेल देखने को मिला। जहां ब्राइडल ने बोरला, माथा पट्टी, नथ, कंठी हार, बाजूबंद, हाथफूल और कुंदर ज्वेलरी के साथ सोलह श्रृंगार में दिखी।

### सिल्वर पेपर फॉयल से तैयार डिजाइनर आउटफीट

रैंप वॉक के दौरान वेस्टर्न लुक को खास बनाने छात्रा ने सिल्वर पेपर फॉयल से वाइट गाउन को डिजाइन दिया, इसमें लगभग 18 मिटर से ज्यादा पेपर का उपयोग किया गया। जहां ड्रेस के डिजाइन और हाथों में ब्रेसलेट की तरह इसका इस्तमाल किया गया।

## दिव्य उत्सव 3.0 में सक्षम बच्चों के लिए बड़ा मंच, 12 अक्टूबर को होगा आयोजन

**रायपुर।** यंग इंडियन्स रायपुर चैप्टर (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की युवा शाखा) द्वारा 12 अक्टूबर को दिव्य उत्सव 3.0 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड स्थित मैजेस्टिक हॉल में संपन्न होगा। यह अनूठा कार्यक्रम विशेष रूप से सक्षम बच्चों और व्यक्तियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनशीलता का उत्सव है, जिसका उद्देश्य समाज में समावेशन और समान अवसरों को बढ़ावा देना है। दिव्य उत्सव 3.0 में रायपुर के छह विशेष विद्यालयों से 250 से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। उनके साथ उनके शिक्षक, परिजन और यंग इंडियन्स के 50 से अधिक सदस्य मौजूद रहेंगे, जिससे कुल प्रतिभागियों की संख्या 400 से अधिक होगी। यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभा का प्रदर्शन है, बल्कि रायपुर शहर के लिए समावेशिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सबसे बड़ा उदाहरण भी बनेगा। इस वर्ष का आयोजन पहले से भी अधिक रंगीन, प्रेरणादायक और जीवंत होगा। कार्यक्रम में विशेष बच्चों द्वारा मंचीय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही रचनात्मक स्टॉल, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी, मनोरंजक खेल, मैजिक शो, फेस टैटू और एनिमल जोन जैसी आकर्षक गतिविधियां भी होंगी। इन सबके बीच बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कानें दर्शकों के मन को छू लेंगी।



### हमें सिखाता है सच्ची खुशी बांटना

यंग इंडिया रायपुर चैप्टर के चेयर गौरव अग्रवाल ने कहा, 'दिव्य उत्सव' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक भावना है। यह वह मंच है जहां हम साहस, उत्साह और मानवता को एक साथ अनुभव करते हैं। हमें गर्व है कि रायपुर जैसे शहर में समावेश और समान अवसरों के इस मिशन को हम आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, यंग इंडिया रायपुर के को-चेयर पंकज सोमानी ने इस आयोजन की आत्मा को दर्शाते हुए कहा, हर वर्ष 'दिव्य उत्सव' हमें यह सिखाता है कि सच्ची खुशी बांटने में है और समावेशन ही हमारी असली ताकत है। यह कार्यक्रम यंग इंडिया के करुणा, एकता और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। इस आयोजन का नेतृत्व यंग इंडिया रायपुर के एक्सेसबिलिटी वर्टिकल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अवनीत छाबड़ा (चेयर) और अंकिता गर्ग व अंजलि केजरीवाल (को-चेयर्स) के नेतृत्व में एक समर्पित टीम की इस आयोजन में अहम भूमिका होगी।

## अस्तित्व की पहचान, रहस्य और रोमांच से भरे नाटक 'मैं अनिकेत हूं' ने किया भावविभोर



**रायपुर।** एम्स के सभागृह में गुरुवार शाम 7 बजे 'मैं अनिकेत हूं' नाटक का मंचन किया गया। इसके प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी रहा, जबकि एम्स रायपुर द्वारा इसका आयोजन किया गया। नाटक के दिग्दर्शक शशि वरवंडकर रहे। नाटक मंचन देखने बड़ी संख्या में नाट्य प्रेमी उपस्थित रहे। नाटक की कहानी और पात्र अभिनय ने दर्शकों के मन में अमिट छाप छोड़ी। नाट्य कलाकारों की जीवंत अभिनय, वेशभूषा, मंच सज्जा ने नाटक को विशेष बनाया। हिंदी नाटक मैं अनिकेत हूं एक ऐसा हृदय स्पर्शी नाटक, जिसमें एक भीषण रेल दुर्घटना का जिक्र है। घायल के शरीर के सभी अंग नष्ट हो चुके हैं और फिर जब उसे होश आता है तो उसके इष्टमित्र और परिवारजन पहचानने से इंकार कर देते हैं। और, फिर उसके साथ क्या होता है। चिकित्सा विज्ञान के इतिहास का एक नया अध्याय।

### दिखा जीवंत अभिनय

नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में जज- दिलीप लांबे, सरकारी वकील- चेतन दंडवते, पेशकार- विनोद राखुंडे, अर्दली- पंकज सराफ, धर्मा- रवीन्द्र ठेंगड़ी, मुंशी जी-प्रकाश खांडेकर, आनंद चौधरी- समीर टल्लू, भैयालाल-श्याम सुंदर खंगन, गवाह- डॉ. अभया जोगलेकर, सावित्री - भारती पलसोदकर, मीनाक्षी - डॉ. अनुराधा दुबे, डॉ. सुधा - डॉ. प्रीता लाल, डॉ. शिरोडकर - आचार्य रंजन मोड़क, अनिकेत - शशि वरवंडकर, रूपसज्जा - दिनेश धनगर, आचार्य रंजन मोड़क, वेशभूषा - डॉ. अभया जोगलेकर, प्रकाश- अजय पोतदार, संगीत- सुमीत मोड़क, मंच सज्जा - अजय पोतदार, प्रवीण क्षीरसागर, नेपथ्य अस्मिता कुसरे, रंजना ध्रुव, प्रकाश गुरव, कार्यक्रम समन्वयक अरविंद जोशी प्रमुख रहे।

**करवा चौथ व्रत के एक दिन पहले शहर की व्रती महिलाओं ने की तैयारी**

**कार्नर न्यूज**

# करवा चौथ व्रती महिलाएं सुबह से करेंगी नियम, चांद का दीदार होने तक रहेंगी निर्जला उपवास, नई दुल्हनों ने की स्पेशल तैयारी

***रायपुर।*** *करवा चौथ के एक दिन पहले शहर की महिलाएं व्रत की तैयारी में जुटी रहीं। सरगी के लिए फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और पूजा की थाली सजाने, घर की सजा- सज्जा, पारंपरिक परिधानों एवं पूजा सामग्रियों की दिन भर खरीदारी कीं। गुरुवार को सुबह से शाम तक व्रती महिलाएं बाजार से लेकर घर तक करवा चौथ की तैयारी में लगी रहीं। पहली बार करवा चौथ का व्रत रख रहीं महिलाओं ने इसे स्पेशल व मेमोरेबल बनाने सासू मां, बड़ी दीदी, चाची सास, मामी सास से टिप्स लीं। साथ ही उपवास के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयारी की हैं। व्रती महिलाएं सोलहा श्रृंगार, पूजा सामग्री, मेहंदी और पति के लिए खास कुछ करने की तैयारी कर ली हैं। वहीं, कई महिलाएं अपना 25वां करवा चौथ यानी सिल्वर जुबली तो कोई 50वां करवा चौथ यानी गोल्डन जुबली मनाएंगी। ऐसे में इन्होंने पति लंबी उम्र के लिए करवा चौथ पूजा की विशेष तैयारी की हैं। इसके लिए पूजा की थाली तैयार की हैं, जिसमें दीया, छलनी, सिंदूर, कुमकुम, अक्षत, मिठाई और जल का लोटा शामिल हैं। महिलाएं करवा चौथ के शुभ अवसर पर लाल, गुलाबी या अन्य शुभ रंग के पारंपरिक वस्त्र खरीदती या पहनती हैं। पहली बार करवा चौथ रखने वाली महिलाओं के लिए लाल रंग के वस्त्र पहनना बहुत शुभ माना जाता है। व्रत रखने वाली महिलाएं व्रत के नियमों और पूजा विधि को पहले से जान लेती हैं, ताकि व्रत वाले दिन कोई गलती न हो। पहले से तैयारी करने से व्रत के दिन मानसिक शांति बनी रहती है और व्रत का पालन ठीक से हो पाता है। करवा चौथ व्रत के अवसर पर व्रती महिलाओं से उनकी तैयारियों पर हरिभूमि टीम ने बातचीत की। व्रत को लेकर महिलाओं ने व्रत से एक दिन पहले और व्रत के दिन की पूरी नियम व तैयारी साझा की।*

### गेम, सांस्कृतिक गतिविधियों से करेंगी मनोरंजन

व्रती महिलाएं निर्जला उपवास के दौरान चांद के इंतजार में गेम, हाउजी, गीत-संगीत जैसे मनोरंजनक गतिविधियों में खुद को शामिल रखेंगी। पंजाबी समाज की महिलाएं आज पंजाब केसरी भवन, जोरा में करवा चौथ पूजा का आयोजन किए हैं, जिसमें विविध गेम व मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने इसकी जानकारी दी।



### पहला करवा चौथ तो तैयारी भी खास

शहर की तीशा हांडा बताती हैं कि उनका यह पहला करवा चौथ है। इसको लेकर वह काफी उत्साहित हैं। व्रत के एक दिन पहले से ही अपने पहले करवा चौथ को यादगार व खास बनाने दिन भर तैयारी में जुटी रहीं। बाजार से श्रृंगार व पूजा सामग्रियों की खरीदारी, सरगी के लिए फल, मिठाइयां, मेवे, पूजा थाली की सजावट, मेहंदी, व्रत की नियमों के बारे में जानकारी जुटाई हैं। छलनी से चांद का दीदार कर अपने पति सौरभ हांडा से जल ग्रहण करने की मेमोरेबल मोमेंट्स स्पेशल होने वाला है।



### 25वां करवा चौथ व्रत के साथ सिल्वर जुबली पूरा

शहर की प्रीति सहानी अपनी 25वां करवा चौथ व्रत पर खास तैयारियों और अब तक खुशहाल दांपत्य जीवन के बारे में साझा करते हुए बताती हैं कि वह शानदार, यादगार 25वां करवा चौथ व्रत रखेंगी। इसकी पूरी तैयारी एक दिन पहले कर ली हैं। करवा चौथ व्रत की सिल्वर जुबली को लेकर उत्साहित हैं। आज सुबह जेठानी से सरगी लेकर निर्जला व्रत रखेंगी, जो चांद के दीदार और पति देव रवि सहानी के दर्शन व जल ग्रहण तक चलेगी। पत्नी के रिश्तों की विश्वास और सम्मान का यह सफर हर करवा चौथ पर और मजबूत होता जा रहा है। बाजार से पूजा सामग्रियों, श्रृंगार की सामान की खरीदी हो चुकी है। साथ ही मेहंदी डिजाइन भी करा लिए हैं।

### पति-पत्नी 28 सालों से कर रहें साथ में करवा चौथ का व्रत


अमलीडीह निवासी विनोद पाहवा और उनकी पत्नी निशा पाहवा दोनों साथ में एक -दूसरे के लिए करवा चौथ का व्रत रखेंगे। विनोद पाहवा ने बताया कि यह उनका 28वां करवा चौथ व्रत हैं। करवा चौथ की पूरी तैयारी पत्नी निशा पाहवा के साथ मिलकर किए हैं। बाजार में पूजा सामग्रियों, सजावटी सामान, कपड़े, फल, मिठाइयां, मेवे आदि की खरीदारी साथ मिलकर किए हैं। दोनों आज निर्जला व्रत रखेंगे और रात को चांद निकलने पर एक -दूसरे का व्रत तोड़ेंगे। ऐसा कर विनोद पाहवा और उनकी पत्नी निशा पाहवा दोनों एक- दूसरे के प्रति प्यार और सम्मान को बढ़ावा देने का पुनीत कार्य कर रहे हैं, जो हर दंपतियों के लिए प्रेरणा का विषय है।

## एग्जाम अपडेट

# वर्ल्ड मेंटल डे आज, विशेषज्ञों ने कहा, पार्ट ऑफ लाइफ

**रायपुर।** मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए हम अक्सर कई कोशिश करते हैं। भाग-दौड़ की जिंदगी में तनाव होता ही है। ऐसे में उसको अपने ऊपर हावी ना होने दें। हर वर्ग को छोटे या बड़े तनाव होते ही हैं। आज वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर हरिभूमि की बात शहर के साइकेट्रिस्ट से हुई। विशेषज्ञों ने मेंटल हेल्थ, खान-पान, रूटीन वर्क, थैरेपी सेशन, सिम्टम्स और हर वर्ग के मेंटल हेल्थ को लेकर बात की। साथ ही कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

*5 मिनट का ब्रेक लें व डे प्लेन करें :* विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत राजपूत ने बताया कि दोपहर का भोजन सही से लें। बच्चे से बुजुर्ग सभी को प्रतिदिन योग व व्यायाम करना चाहिए। ज्यादा स्ट्रेस हो तो पास के साइकेट्रिस्ट से मिलें। किसी तरीके के तनाव को हावी न होने दें। कार्यस्थल में 5 मिनट का ब्रेक लेते रहें। अपने स्क्रीन टाइम को कम करें। लंबा ब्रेक लेने से बचें, क्योंकि बाद में वर्क लोड ज्यादा हो जाता है। अपना डे प्लेन करें और रूटीन को फॉलो करें।



### गर्भावस्था में महिलाओं को तनाव से दूर रखें

विपरीत परिस्थितियों में हर किसी को धैर्य से काम करना चाहिए, जिससे कोई गलत फैसला ना लें। इस पर साइकेट्रिस्ट डॉ. सुरभि दुबे ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में परिवार के साथ अपने विचारों को साझा करें और अकेलेपन को कम करें। अपने ऊपर आत्मविश्वास रखें और साथ में सकारात्मक विचार सोचें। कार्यस्थल के बारे में बात करते हुए बताया कि प्रतिदिन काम करें। कोई भी समस्या आने पर सहकर्मी से बातचीत करें और ऑफिस तक सीमित रखें। लगातार नेगिटेव थॉट्स आने पर पास के साइकेट्रिस्ट से मिलें। गर्भावस्था में महिलाएं किसी तरह का तनाव न लें, इससे बच्चे के ग्रोथ व भविष्य पर असर करता है। महिलाओं के शारीरिक व मानसिक दोनों अवस्था में ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि जो रात की ड्यूटी करते हैं, दिन में नींद को पूरा करें।

### बच्चों को हर दिन नया एक्टिविटी करवाएं

समाज में वर्तमान में भी मेंटल हेल्थ को गंभीर बीमारी या पागलपन के रूप में देखा जाता है, जिससे कई लोग इसको समाज के डर से छुपा लेते हैं। इस संदर्भ में वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत राजपूत ने बताया कि राज्य में पहले मेंटल हेल्थ बीमारी के रूप में देखा जाता था, लेकिन वर्तमान में 80 प्रतिशत मरीज धीरे-धीरे स्वीकार कर रहे हैं और चेकअप के लिए आते हैं। इसके साथ ही किसी को मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्या होती है तो उनको चेकअप की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया कि इसको कम करने के लिए स्कूल से ही तैयारी शुरू करनी चाहिए। हर दिन कक्षा 5वीं से 8वीं के बच्चों को खासकार प्रतिदिन योग व व्यायाम करवाना चाहिए, ताकि पढ़ाई का तनाव कम हो। इसके साथ ही अन्य बच्चों के लिए 10 से 15 मिनट का हर दिन नया एक्टिविटी करवाएं, जिससे दिमाग खुले। स्कूल से बच्चों को स्ट्रेस की जानकारी दी जाएं, जिससे कुछ परिस्थिति आने पर परिवार और शिक्षकों से बातचीत करें। सीखने पर फोकस करें और फेल-पास की चिंता न करें। साथ ही बच्चों को दूसरों से तुलना न करें। क्योंकि, सबके अंदर अलग-अलग खूबियां हैं। इन सब बातों से बच्चों के मेंटल हेल्थ पर प्रभाव होता है।

## विश्व डाक दिवस पर विशेष : जरूरत के लिहाज से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद डाक सेवाएं भी हुईं डिजिटल

# समय के साथ बदली कई डाक सेवाएं, बेहतरी के लिए लोगों को दिए एटीएम, अपनों का छपवा रहे हैं टिकट

*समय के साथ जिस तरह से लोगों की जरूरत बदली, उसी अंदाज में डाक विभाग ने कई सेवाएं भी बदली। ग्राहक सेवा की बेहतरी के लिए लोगों को अब लाइन में लगने से बचाने के लिए एटीएम भी देने लगा है। इतना ही नहीं, लोग अपनों की पहचान बढ़ाने के लिए उनकी फोटोयुक्त डाक टिकट भी छपवाने लगे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से पहले यह सुविधा लोगों को नहीं मिलती थी। इसे याद करना इसलिए जरूरी नहीं है कि विश्व डाक दिवस का अवसर है। डाक सेवाओं में हुए कई बदलाव के बारे में इसलिए भी जानना जरूरी है, क्योंकि इससे लाखों लोगों का भरोसा जुड़ा है।*



### राज्य बनने के बाद ये सेवाएं हुईं बंद

सहायक डाकपाल के पद से सेवानिवृत्त हुए एसजेड रहमान ने बताया कि मुख्य डाकघर से एचएमटी घड़ी, जॉब कार्ड, गोल्ड सिक्कों और रेमेन्यु टिकट की बिक्री बंद हुई। युवाओं को जोड़ने के लिए व्यापम का परीक्षा फार्म, सीएफएल बल्ब और पंखों को बेचने के लिए लगाया गया काउंटर बंद हुआ। इससे साथ ही रजिस्ट्री बंद कर दी गई। यह सेवा राजधानी के लोगों को बेहतर सेवा से जोड़ती थी। लोग भरोसे के साथ इस सेवा और सुविधा के लिए जुड़ते थे।



**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित मुख्य डाकघर सहित सभी डाकघरों और उप डाकघरों के साथ ही शाखा डाकघरों में भी भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाने की परंपरा रही है।

1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना की वर्षगांठ पर नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाते हैं। विश्व डाक दिवस की परंपरा लोगों एवं संस्थानों में डाक सेवाएं की भूमिका के साथ वैश्विक, सामाजिक और आर्थिक विकास में विभाग की अहम भूमिका रही है। गुरुवार को सर्किल आफिस में यह जानकारी मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल शुबेन्दु सवाई, डायरेक्टर दिनेश मिस्त्री और प्रवर डाक अधीक्षक हरीश कुमार महावर ने दी। उन्होंने बताया कि 06 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इस श्रृंखला में हर दिवस पर ग्राहक सेवाओं से जुड़ी जानकारी काउंटर पर आने वाले लोगों को दे रहे हैं। इसके साथ डाक विभाग की नई सेवाओं के बारे में बता रहे हैं।

### बदलाव के लिए शुरू हुईं ये सेवाएं

आधुनिक दौर के लिहाज से विभाग भी राज्य बनने के बाद डिजिटल सेवाओं से जुड़ा है। अब केवल चिट्ठी-पत्री ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन बैंकिंग जैसी सेवाओं के चलते विभाग अब बैंकों की तरह सेवा देने लगा है। एक्सप्रेस पार्सल, खाता धारकों को एटीएम, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार और बनाने की सुविधा देने के लिए अलग से काउंटर शुरू किया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और इंश्योरेंस सेवा की वजह से लोग विभाग से अब भी भरोसे के साथ जुड़े हैं। लोगों को अपनों की फोटो के साथ डाक टिकट छपवाने के बाद उसे पत्र व्यवहार में इस्तेमाल भी करते हैं।

### अभी तक नहीं बदली अलीगढ़ की मुहर

पूर्व सहायक डाकपाल ने बताया कि जब से डाक सेवा शुरू हुई है, तब से लेकर अभी तक अगर डाक विभाग में कोई चीज नहीं बदली तो वह है, हर पोस्ट पर लगने वाला अलीगढ़ से बनकर आने वाला मुहर। इसके लिए अब भी डाक विभाग को डिमांड करना पड़ता है, तभी नया मुहर मिलता है। इसकी प्रक्रिया बहुत जटिल है, इसलिए विभाग के आला अधिकारी डिमांड की प्रक्रिया करते हैं। डाक विभाग की मुहर का सरोकार अब भी अलीगढ़ से जुड़ा है। इसे पोस्ट पर देखकर लोग भरोसा करते हैं।

### लोगों को इन सेवाओं की दे रहे जानकारी

| दिनांक | दिन | विवरण |
|---|---|---|
| 06-10-2025 | सोमवार | टेक्नोलॉजी दिवस |
| 07-10-2025 | मंगलवार | वित्तीय समावेशन |
| 08-10-2025 | बुधवार | फिलाटेली |
| 09-10-2025 | गुरुवार | विश्व डाक दिवस |
| 10-10-2025 | शुक्रवार | ग्राहक दिवस |

# खादी फैशन शो में दिखा भारतीय संस्कृति-स्वदेशी फैशन का जलवा

**रायपुर।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा खादी फैशन शो 'चरखा' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय वस्त्र विरासत को सम्मान देना और युवा डिजाइनरों में स्वदेशी कपड़ों के प्रति रुचि जागृत करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राकेश पांडे, चेयरमैन छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील व्यास तथा विशेष अतिथि डॉ. कृष्णा व्यास द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव, प्रो-कुलपति डॉ. दीपिका ढांड, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा व विभागाध्यक्ष परविंदर कौर सहित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।




### छात्रों को मिली सराहना

मुख्य अतिथि ने छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर भारत और सतत फैशन की दिशा में प्रेरित करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए सतत परिश्रम और सृजनशीलता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन रजिस्ट्रार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षकगण, छात्र, एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। 'चरखा' फैशन शो भारतीय संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता के संगम का सशक्त उदाहरण साबित हुआ।

### रंग, टेक्सचर और सादगी का अनूठा संगम

खादी फैशन शो 'चरखा' में कुल छह शानदार राउंड प्रस्तुत किए गए। इंडियन स्टाइल, वेस्टर्न स्टाइल, इंडो-वेस्टर्न स्टाइल, खादी फॉर ऑफिस वियर, एम्ब्रॉयडरी ड्रेसेस और ट्रेडिशनल स्टाइल सिल्वेट। प्रत्येक राउंड में छात्रों ने हैंडलूम से बनाए गए पारंपरिक खादी कपड़ों को आधुनिक डिजाइनों में ढालकर प्रस्तुत किया, जिससे रनवे पर रंग, टेक्सचर और सादगी का अनूठा संगम दिखाई दिया।

# माता-पिता की अपेक्षा पूरी नहीं करती औलाद, पूछते हैं मेरे लिए क्या किया

**रायपुर।** वर्तमान दौर में हर माता-पिता दुनिया की सारी सुविधाएं बच्चों को देना चाहते हैं। जो चीजें उन्हें नहीं मिली, उसे दिन-रात मेहनत करके बच्चों के लिए जुटाते हैं। फिर भी बच्चे जब बड़े हो जाते हैं तो उन्हीं माता-पिता से कहते हैं कि आप लोगों ने मेरे लिए क्या किया है। इस विषय पर जीवन विद्या परिचय शिविर में सोमदेव त्यागी ने कहा कि हमने उनके अनुकूल सारी सुविधाएं दीं।

इसके लिए रात-दिन मेहनत की और धन कमाए। इंजीनियर-डॉक्टर बनाने कोचिंग का खर्च वहन किया, ताकि घर में सभी स्नेह से रहें और बड़ों का आदर करें। पति-पत्नी का सम्मान करें, इसके लिए तो कोई ट्यूशन नहीं करवाया। यह बात श्री त्यागी ने अग्रसेन धाम में अभ्युदय संस्थान द्वारा आयोजित निःशुल्क जीवन विद्या शिविर में गुरुवार को कही।



### मानवीय शिक्षा और पाठ्यक्रम मध्यस्थ दर्शन

हम संबंधों में जीवन मूल्यों को नहीं देख पाते हैं। इस क्षेत्र में समझ की कमी है। हम सभी शिक्षित होने के बाद भी नहीं समझ पाते हैं। हम हर जगह सुविधा जुटाते हैं, संबंध कैसे बेहतर हो, इस पर कभी ध्यान नहीं देते। इसलिए, संबंधों में तृप्ति नहीं मिलती। किसी भी शिक्षा पद्धति में जीना कैसे है, इसकी कोई भी बात नहीं सिखाई जाती। एक मानव, दूसरे के साथ कैसे जीए, वह प्रकृति के साथ कैसे रहे, इसकी शिक्षा नहीं मिली। हम साक्षर तो हो गए, लेकिन समझ नहीं बनी। माता- पिता के साथ कैसे जीना है, पत्नी के साथ कैसे जीना है, पड़ोसी के साथ कैसे जीना है, यह शिक्षा नहीं दी गई है।

### बच्चे बड़ों की सेवा से कर रहे किनारा, नहीं लेते सुध

मुख्य वक्ता श्री त्यागी ने कहा कि हमने बच्चों को जिंदा रहने की ट्रेनिंग दी। जिंदा रहने के लिए क्या-क्या सामान जुटा सकते हैं यह भी सिखाया पर जीने की ट्रेनिंग नहीं दी। जीना परिवार और संबंधों के साथ होता है। संबंध कैसे निभाए जाए यह बच्चों को नहीं सिखाया। इसलिए आज परिवार टूट रहे और बच्चे बड़ों की सेवा करने की जगह किनारा कर रहे हैं। कितना पैसा कमाने के बाद भाई-भाई में बंटवारा नहीं होगा। कितनी संपत्ति होने पर पति-पत्नी में झगड़ा बंद हो जाएगा। परिवार में माता -पिता जैसा जीवन जीते हैं, वैसा ही व्यवहार बच्चे सीखते हैं।

## यूथ लाइव

# उद्यम लर्निंग इस्त्री प्रोजेक्ट से स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा लाभ

**रायपुर।** उद्यम व्यापार ने गुरुवार को एक नई उपलब्धि की घोषणा की है। इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितंबर 2025 तक देशभर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की कुल आय में 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है।

इस अवसर पर कृष्णन रंगनाथन, सह-संस्थापक, उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने कहा कि 'उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो यह बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना हज़ारों वेंडर्स के लिए गौरव की बात है। इस बदलाव को अपनाया है। यह दर्शाता है कि किस तरह स्थानीय आजीविका के समाधान राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव उत्पन्न कर, आय, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के परिणामों में सुधार ला सकते हैं। सायरिल जोसेफ़ प्रोग्राम हैड, इस्त्री प्रोजेक्ट, उद्यम व्यापार ने कहा, 'यह उपलब्धि उन हज़ारों वेंडर्स से जुड़ी है, जिन्होंने भरोसा किया। कोयले को छोड़कर एलपीजी को अपनाया। उन्होंने महसूस किया है कि वह किस तरह अपने कारोबार में बदलाव ला सकते हैं।

## बिजनेस साइट

### करवाचौथ पर न्यू भारत स्वीट्स में मिठाइयों की विस्तृत रेंज



**रायपुर।** शंकरनगर बीटीआई ग्राउंड और समता कॉलोनी स्थित न्यू भारत स्वीट्स ने करवाचौथ के अवसर पर खास मिठाइयों और गिफ्ट पैक का संग्रह पेश किया है, जो त्योहार की मिठास को दोगुना कर रहा है। मिठाइयों के शौकीनों के लिए यहां कोलकाता, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार की गई पारंपरिक मिठाइयों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। संचालक रोहिताश राणा के अनुसार, हमारी सभी मिठाइयां शुद्ध देशी घी में तैयार की जाती हैं, जिससे न केवल स्वाद बेहतर होता है, बल्कि गुणवत्ता भी बनी रहती है। करवाचौथ के लिए खास मीठी मट्ठी, फीकी मट्ठी, करवा, फेनी और प्रीमियम ड्राईफ्रूट्स गिफ्ट पैकिंग ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। डोडा बर्फी और मोतीचूर लड्डू सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा रसगुल्ला, रसमलाई, पेड़ा, काजू कतली, सोनपापड़ी जैसी मिठाइयां भी उपलब्ध हैं। स्वादिष्ट मिठाइयों के साथ-साथ छोले भटूरे, अमृतसरी कुलचे, पनीर टिक्का जैसे स्नैक्स और बेहतर बैठने की सुविधा इस जगह को खास बनाती है।

### यूनियन बैंक : हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन



**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होटल सिमरन इंटरनेशनल पंडरी में किया गया। कार्यक्रम में बैंक की विभिन्न शाखाओं से आए स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र प्रमुख अनुज कुमार सिंह, उप क्षेत्र प्रमुख विनोद कुमार पटेल, अमित कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों ने किया। क्षेत्र प्रमुख ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रशासनिक कार्यों में अधिक प्रयोग करने का आव्हान किया। इस अवसर पर संदर्भ साहित्य 2025-26 का विमोचन भी किया गया। समारोह में अंतर शाखा राजभाषा शील्ड 2024-25 के विजेताओं सहित व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन राजभाषा प्रभारी नितिन वासनिक ने किया। आयोजन पूर्ण रूप से हिंदी को समर्पित रहा।

### एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में दुर्लभ कैंसर का सफल इलाज



**रायपुर।** मुंगेली की 17 महीने की गितांशी गबेल को जब पेट में ट्यूमर की पहचान हुई, तब परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। कई अस्पतालों से निराश लौटने के बाद उन्होंने एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में उम्मीद की किरण देखी। यहां डॉ. देवव्रत हिशीकर ने बच्ची में कैंसर की पुष्टि की, जो पसलियों तक फैल चुका था। नाजुक उम्र में कीमोथैरेपी और जटिल सर्जरी की चुनौती को डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने कुशलता से संभाला।

सर्जन डॉ. भारत भूषण की टीम ने जोखिमपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक की, जबकि डॉ. राकेश चांद ने एनेस्थेसिया की जिम्मेदारी संभाली। अस्पताल के डायरेक्टर अजीत बेल्लमकोंडा ने इसे उत्कृष्ट टीमवर्क का उदाहरण बताया। अब गितांशी स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रही हैं। साथ ही अक्टूबर माह में हॉस्पिटल द्वारा 1 रुपए में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की पहल शुरू की गई है, जिसकी जानकारी डॉ. आकांक्षा चिखलीकर ने दी।

### त्योहारी सीजन पर सेंगर फर्नीचर में खास ऑफर्स




**रायपुर।** दिवाली का पर्व नजदीक है और घर को संवारने का यह सबसे अच्छा समय है। ऐसे में "सेंगर फर्नीचर" रायपुर आपके लिए लाया है आकर्षक, मजबूत और किफायती फर्नीचर की विशाल रेंज।

लकड़ी, स्टील, शीशम से लेकर ब्रांडेड फर्नीचर तक यहां सबकुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। सेंगर फर्नीचर न सिर्फ घर की सजावट में चार चांद लगाता है, बल्कि आपके स्पेस के अनुसार कस्टमाइज फर्नीचर भी तैयार करता है। यहां सोफा सेट, पलंग, डाइनिंग टेबल, आलमारी, मॉड्यूलर किचन और बहुत कुछ उपलब्ध है। इसके अलावा स्टील कार्य में भी सेंगर फर्नीचर विशेषज्ञ है रेलिंग, खिड़की, मुख्य द्वार तथा सीढ़ियों के आकर्षक डिजाइनों के साथ। दिवाली पर सेंगर फर्नीचर में फर्नीचर और इंटीरियर पर विशेष छूट उपलब्ध है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमल नारायण शर्मा को किया याद



**रायपुर।** गुरूवार को शहीद स्मारक भवन के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमल नारायण शर्मा को उनकी जयंती के अवसर पर राजधानीवासियों ने याद किया। जीई मार्ग में स्थित शहीद स्मारक भवन में उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमल नारायण शर्मा को उनकी 103वीं जयंती पर नमन करते हुए राजधानीवासियों की ओर से उन्हें आदरांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि कार्यक्रम में सभापति सूर्यकांत राठौड़, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमल नारायण शर्मा सुपुत्री सविता पाठक, उनके परिजन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, पीएचई के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता आरके चौबे, निगम के कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे सहित नागरिक उपस्थित रहे।

# राशन दुकान संचालकों की हड़ताल, प्रदेश की 15 हजार दुकानों पर लगा रहा ताला, हितग्राही परेशान होकर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के राशन दुकान संचालक गुरुवार को हड़ताल पर रहे। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर एकत्रित होकर उन्होंने प्रदेशव्यापी धरना देकर अपनी लंबित मांगों के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

इस वजह से प्रदेश की राशन दुकानें बंद रखी गईं। उपभोक्ताओं को इस दिन राशन दुकानों से चावल, शक्कर, नमक और चना का वितरण नहीं हुआ। इसके चलते राशनकार्ड धारियों को राशन दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ा। प्रदेश में 2.73 करोड़ राशनकार्ड धारी सदस्य हैं।

छत्तीसगढ़ पीडीएस संचालक संघ, शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल में धरना दिया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेशभर से राशन दुकान संचालक शामिल हुए। छत्तीसगढ़ पीडीएस संचालक संघ के अध्यक्ष नरेश बाफना, प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिन्हा, महिला अध्यक्ष लक्ष्मणिया उइके, कोषाध्यक्ष रूपनारायण सोनी ने कहा कि सरकार हेडलिंग लॉस प्रतिपूर्ति के रूप में अतिरिक्त खाद्यान्न दे। वेइंग मशीन का स्टेंपिग कार्य निशुल्क किया जाए, इसी तरह 150 क्विंटल से कम खाद्यान्न कोटा वाली दुकानों को प्रोत्साहन राशि दी जाए।

■ गुरुवार को राशन दुकानें बंद रहीं, संचालक हड़ताल पर

### निकाली रैली पुलिस ने ब्रिज के पास रोका ज्ञापन सौंपा

प्रदेशभर से जुटे राशन दुकान संचालकों ने तूता धरनास्थल से सीएम हाउस घेराव के लिए रैली निकाली। पुलिस प्रशासन ने उन्हें अंडरब्रिज के पास बैरिकेड्स लगाकर रास्ते में ही रोक दिया। जहां प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को अपनी लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।



### 5 माह से नहीं मिल रहा सरकारी कमीशन, सर्वर डाउन की समस्या

तूता धरनास्थल पर सुबह से लेकर देर शाम तक धरना-प्रदर्शन करने जुटे राज्यभर के राशन दुकानदारों का कहना है कि 5 माह से उन्हें सरकारी कमीशन नहीं मिल रहा है। वहीं राशन दुकानों में लगाई गई नई मशीन का सर्वर बार-बार खराबी आने की समस्या से जूझ रहा है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है, कई दौर की बैठक के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। 23 सितंबर 2024 में भी इन्हीं मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया था। उस समय सरकार ने आश्वासन दिया था कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा, लेकिन सालभर बाद भी उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। इससे प्रदेशभर के राशन दुकान संचालकों में नाराजगी है।

## खबर संक्षेप

### सहयोग केंद्र में समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा : खुशवंत साहेब



रायपुर। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहयोग केंद्र में कार्यकर्ताओं व जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। आज 50 से अधिक आवेदनों में से ज्यादातर का तत्काल निराकरण किया गया है। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा, भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रभारी वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने और कार्यालय मंत्री अशोक बजाज की उपस्थिति में सहयोग केंद्र लगातार संचालित हो रहा है। इसमें हम कार्यकर्ताओं व जनता की समस्या सुनते हैं, जिनका त्वरित निराकरण हो सकता है, उनके लिए संबंधित अधिकारियों से बात करके निराकरण करते हैं और जो जटिल समस्याएं होती हैं, उनको विभागीय अधिकारियों को भेजते हैं। आने वाले समय में उनकी समस्याएं दूर हो जाएं, इसकी निगरानी करते हैं।

# बस्तर कोरापुट, बस्तर परिवहन संघ के बीच विवाद समझौते के बाद थमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयरन ओर परिवहन को लेकर रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ तथा बस्तर परिवहन संघ के बीच उपजा विवाद प्रशासन की दखल के बाद शांत हो गया है। पिछले दिनों रायपुर की दो सौ ट्रक रोके जाने के बाद रायपुर के ट्रांसपोर्टरों ने सिलतरा में ट्रकों को प्रवेश नहीं करने दिया। विवाद की स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने दोनों ट्रांसपोर्ट यूनियन के बीच समझौता कराया और जगदलपुर में रायपुर की 68 ट्रकों में आयरन ओर लोड कराया। इसके बाद बस्तर की ट्रकों को सिलतरा में प्रवेश करने दिया गया।

रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंग सिद्धू के अनुसार दोनों पक्षों में समझौता हुआ है कि पूर्व की तरह प्रति रैक में रायपुर की 17 ट्रकों में आयरन ओर लोड करने अनुमति दी जाएगी। डिलीवरी ऑर्डर तथा पर्ची सबंधित एसोसिएशन द्वारा ट्रांसपोर्टर या ड्राइवर को प्रदाय किया जाएगा।



■ पिछले कुछ दिनों से आयरन ओर लोडिंग नहीं करने देने पर रायपुर में गाड़ियां रोकी गईं

■ त्योहारी सीजन में विवाद की स्थिति निर्मित न हो, इसलिए प्रशासन ने कराया समझौता

### फिर विवाद हुआ तो परिवहन विभाग निकालेगा समाधान

पर्ची के बिना या बिना बारी के अपना वाहन भरने वाले ट्रांसपोर्टर को ब्लैकलिस्ट करने एवं जुर्माने की कार्रवाई दोनों एसोसिएशन के मध्य पारस्परिक समन्वय से की जाएगी। विवाद की स्थिति में परिवहन विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित कर समाधान निकाला जाएगा। उल्लेखनीय है कि ट्रकों की लोडिंग नहीं होने पर गुरुवार को रायपुर के दो सौ ट्रांसपोर्टरों के ड्राइवर अपने ट्रकों की चाबी जगदलपुर एसपी को देकर चले आए थे। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर के ट्रांसपोर्टरों के ट्रकों में आयरन ओर लोड कराने की व्यवस्था की गई।

# अबूझमाड़ को महाराष्ट्र से जोड़ेगा नेशनल हाईवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के निर्माण को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने कुतुल से नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक 21.5 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। सड़क के निर्माण के लिए न्यूनतम टेंडर देने वाले ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया शर्तों सहित पूरी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर को दिए गए हैं। कुल तीन खंडों में निर्मित होने वाली 21.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण हेतु 152 करोड़ रुपए न्यूनतम टेंडर दर प्राप्त हुई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह उल्लेखनीय है कि कुतुल, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित है और कुतुल से महाराष्ट्र सीमा पर स्थित नीलांगुर की दूरी 21.5 किलोमीटर है। यह नेशनल हाईवे 130-डी का हिस्सा है। इस सड़क का निर्माण टू-लेन पेव्ड शोल्डर सहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएच-130डी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 195 किलोमीटर है। यह एनएच-30 का शाखा मार्ग (स्पर रूट) है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक जाता है। आगे महाराष्ट्र में यह बिंगुंडा, लहरे, धोदराज, भमरगढ़, हेमा, लकासा होते हुए आलापल्ली तक पहुँचता है, जहाँ यह एनएच-353डी से जुड़ जाता है।




**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 8337 दिनांक 19.09.2013 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-जूनियर एम.आई.जी.- 11/188 को श्री सचिन श्रीवास्तव पिता श्री लखपत राय श्रीवास्तव के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.08.2015 को सेलडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में श्री सचिन श्रीवास्तव पिता श्री लखपत राय श्रीवास्तव, निवासीः-29, सर्वोदय नगर, हीरापुर रोड़ टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती एकता गोस्वामी पति श्री निशिकांत भारती, निवासीः- ग्राम-उपरवारा, वार्ड नं. 17, रामसागरपारा, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-जूनियर एम.आई.जी.- 11/188 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मये दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नग नग

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने मूल भूमि स्वामी श्री रोम लाल, पिता- श्री मनराखन, साकिन-ग्राम- डुण्डा, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 169/2 का भाग, रकबा 600 वर्गफुट भूमि जो कि वाके मौजा-ग्राम-डुण्डा, प.ह.नं.-118, रा.नि.मं. -रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर, छ.ग. में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन बयाना की राशि अदा कर विक्रय अनुबंध निष्पादित कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यव्हार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम या निकाय, साहूकार, बैंक या अन्य किसी पक्षकारगण को उजर, दावा या आपत्ति हो तो मेरे नीचे लिखे पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज 15 दिवस के अंदर दर्ज करावें अन्यथा बाद-म्याद की गई आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने ।

स्थान – रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 09.10.2025

भवदीय
डी. एल. राठौर (अधिवक्ता)
विजय नगर छटवा तालाब के पास
भनपुरी, रायपुर मो.नं. 9407714358

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे मेरे पक्षकार के द्वारा (1) श्री अलखराम निषाद, पिता स्व. केजनाथ निषाद, (2) श्री यशवंत निषाद, पिता स्व. केजनाथ निषाद, (3) श्री राजेश निषाद, पिता स्व. केजनाथ निषाद, सभी निवासी- वार्ड नं.- 5, पीपर चौक के पास ग्राम- धनेली-1, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि खुली भूमि जो कि मौजा धनेली,प.ह.नं. 00024, रा.नि.मं.- रायपुर- 19-धनेली, तहसील धरसींवा, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़) मे स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नं.-450 रकबा क्रमशः 1.0440 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है वर्तमान में केवल उपरोक्त भूमि के विक्रय विलेख का पंजीयन एवं निष्पादन ही शेष रह गया है ।

अतः उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्ध शासकीय निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर मेरे उक्त कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा साथ ही समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का अपने पक्ष में निष्पादन एवं, पंजीयन करवाने हेतु स्वतंत्र होगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 09.10.2025

सनत सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
ऑफिस- मकान नं.- 379, वार्ड नं.-10, दंगल चौक, ग्राम- टेकरी, टेकरी-02, पो.ऑ.- गिरौद, तहसील- धरसींवा, जिला- रायपुर (छ.ग.) 493111
मो. नं. - 9827482106, 7987348644



HEALTH TOWN

रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदें - साथ में आकर्षक उपहार पाओ
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 44000/- से स्टाट
Haion Electric Vehicles
Authorised Dealer
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
Mob. - 9039772000, 8962772000, 9229221744

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
मो. 9589854455

इस त्यौहार शान से चलायें, अभी घर लाएं...
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध है
और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध है
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054

सजाएं अपना घर
D'Art
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. 9300015858, 7415800058

पटेल बोरवेल्स
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

HORIZON OF STARS & PLANETS (ASTRO NUMERO TAROT)
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

DYNAMO Electric Vehicle
XO 501/-
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
मोटवानी फायनेंस
93404-44755

Interio's
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333

संजय रुई भंडार
9827976266, 7987918262

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# भारत मोबाइल कांग्रेस में वित्त मंत्री चौधरी ने दी राज्य की डिजिटल क्षमताओं की सशक्त प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डिजिटल प्रगति को मिला राष्ट्रीय मंच

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डिजिटल प्रगति और तकनीकी क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित भारत मोबाइल कांग्रेस-2025 के अंतर्गत राज्यों के आईटी मंत्रियों की राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में राज्य के वित्त मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए देशभर के समक्ष राज्य के डिजिटल और दूरसंचार विकास की दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दूरसंचार अधोसंरचना के समन्वित विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयास सहकारी



संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अवसर, साइबर सुरक्षा, डेटा सेंटर विकास और नवीन तकनीकों के प्रोत्साहन पर विशेष बल दिया। उन्होंने इंडियन मोबाइल कांग्रेस में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष छत्तीसगढ़ में मोबाइल टॉवर और हाईस्पीड इंटरनेट विस्तार के लिए ठोस तर्क प्रस्तुत किए। साथ ही विभिन्न राज्यों को छत्तीसगढ़ में भूकंपीय जोखिम कम होने के कारण डेटा सेंटर एवं डिज़ास्टर रिकवरी साइट स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

भारत सरकार के दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में दूरसंचार अधोसंरचना के तीव्र विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य ने भारत सरकार द्वारा जारी राइट ऑफ वे नियम, 2024 को अधिसूचित कर 1 जनवरी 2025 से प्रभावी कर दिया है तथा केंद्रीय रो पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस के लिए शीतकालीन अवकाश की तिथि में संशोधन की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 से 27 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में 26 दिसंबर का दिन भी शामिल है, जिसके कारण वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजन संभव नहीं हो पाएगा। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने राज्य शासन से आग्रह किया है कि शीतकालीन अवकाश की तिथियों में आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। श्री छाबड़ा ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुजार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने दिसंबर माह में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा 26 दिसंबर को इन साहिबजादों की शहादत की स्मृति में "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

## बिहार चुनाव में जाएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद विधायक और भाजपा नेता भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लेकर प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। यहां के नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी भी मिलेगी। प्रदेश के नेताओं को बिहार चुनाव में जाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से निर्देश का इंतजार है। वहां से निर्देश आने के बाद तय होगा कि यहां से कितने नेता जाएंगे। प्रदेश के कई बड़े नेता वहां पर प्रचार भी करने जाएंगे। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश का महिला और एसटी मोर्चा वहां का दौरा कर चुका है। बिहार के विधानसभा चुनावओं का ऐलान हो चुका है, वहां पर दो चरणों में चुनाव होगा। इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है।



## संवाद कार्यालय में झूमाझटकी राखी थाने में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पुलिस ने तीन से चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया

नवा रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में गुरुवार को अपर संचालक संजीव तिवारी और उनसे मिलने पहुंचे कतिपय युवाओं के मध्य विवाद हो गया। युवकों ने अफसर के साथ झूमाझटकी की, जिसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

संवाद कार्यालय में घटित इस घटना को लेकर जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी नाराज हैं। अफसर ने घटना की लिखित शिकायत राखी थाने में दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन से चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

इधर, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद तंबोली ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा संवाद कार्यालय में जबरन प्रवेश कर वहां अपर संचालक व कर्मचारियों के साथ बदसलूकी कर उनके साथ झूमाझटकी की गई। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। संघ के अध्यक्ष ने इस घटना को योजनाबद्ध और सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि हमलावरों का एक साथ शासकीय कार्यालय में घुसना, वरिष्ठ अधिकारी के साथ अभद्रता करना, सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना और खुलेआम धमकियां देना इस बात का प्रमाण है कि कुछ असामाजिक तत्व हंगामा करने पहुंचे थे।







# मार्कफेड 15 हजार करोड़ के घाटे में, कर्मियों को नहीं मिलेगा इंसेंटिव अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मार्कफेड को 15 हजार करोड़ रुपए का घाटा हो चुका है। राज्य सरकार के सहकारिता विभाग ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं से कहा है कि इस स्थिति को देखते हुए कर्मियों को इनसेंटिव अलाउंस (एक्सग्रेसिया) नहीं दिया जा सकता है। दूसरी ओर सहकारी बैंकिंग सेक्टर के संगठन ने इस पर कहा है कि सरकार का यह निर्णय गलत और हास्यस्पद है।

### सहकारिता विभाग ने कही ये बात

*सहकारिता विभाग ने पंजीयक सहकारी संस्थाएं को भेजे गए एक पत्र में वित्त विभाग की टीप का उल्लेख करते हुए कहा है कि विभागीय प्रस्ताव पर लेख है कि मार्कफेड निरंतर घाटे में चल रहा है तथा इसकी संचित हानि 15 हजार करोड़ से अधिक (वर्ष 2024-25 तक) है। इसी प्रकार राज्य एवं जिला सहकारी बैंक को भी राज्य शासन द्वारा वैद्यनाथन समिति की अनुशंसाओं के अनुरूप राज्य की अंशपूंजी बढ़ाकर चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इनके कर्मचारियों को इंसेंटिव अलाउंस स्वीकृत करने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में भी कर्मचारियों को बोनस अथवा इंसेंटिव देने का कोई प्रावधान नहीं है।*

### एसोसिएशन ने कहा- गलत और हास्यास्पद

**अपेक्स बैंक व जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों को तत्काल करें एक्सग्रेशिया का भुगतान**




### ये गलत और हास्यास्पद : व्यास

*इस संबंध में सहकारी बैंकिंग सेक्टर के संगठन आल इंडिया सहकारी बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव एवं छत्तीसगढ़ को-ऑपरेटिव एम्प्लाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास का कहना है कि सरकार का यह तर्क गलत और हास्यास्पद है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री व अन्य संबंधितों को पत्र जारी किया है। उनका कहना है कि विपणन संघ एवं अपेक्स बैंक व जिला सहकारी बैंकों को एक ही श्रेणी में रखा जाना पूर्णतः गलत है। यहां हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि प्रो. ए. वैद्यनाथन कमेटी की सिफारिश में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि अपेक्स बैंक व जिला सहकारी बैंकों में राज्य शासन की अधिकतम अंशपूंजी 25 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती, जबकि वास्तव में अपेक्स बैंक व अन्य जिला बैंकों में राज्य शासन की अंश पूंजी की अनुमानतः उपरोक्त वर्णित सीमा से काफी कम है। ऐसी स्थिति में राज्य शासन के सहकारिता विभाग की यह सोच कि राज्य शासन के अंश के भरोसे अपेक्स बैंक या जिला सहकारी बैंक चल रहे हैं, पूर्णतः हास्यास्पद के साथ-साथ गलत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपेक्स बैंक व जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों को तत्काल एक्सग्रेशिया का भुगतान संबंधी आदेश पंजीयक सहकारी संस्था को देने बाबत निर्देशित करें, ताकि कर्मचारियों में बढ़ रहे आक्रोश को रोका जा सके।*

## खबर संक्षेप

### अधीक्षक को हटाने की मांग हॉस्टल के छात्रों का प्रदर्शन



**रायपुर।** सिद्धार्थ चौक टिकरापारा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अजा छात्रावास के विद्यार्थियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। छात्र छात्रावास अधीक्षक योगेश चंद्रा को हटाकर नए अधीक्षक के नियुक्ति की मांग कर रहे थे। छात्रों का आरोप है कि छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की मांग करने पर अधीक्षक आयुक्त कार्यालय जाने के लिए कहते हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का ये भी कहना है कि अधीक्षक की सहमति से कई बाहरी छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। उनका ये भी कहना है कि पूर्व में इसकी लिखित शिकायत आयुक्त एवं सहायक आयुक्त के पास की गई थी, इसके बाद भी उचित कार्रवाई नहीं की गई।

### रविवि का पोर्टल बंद शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा यूजी फर्स्ट सेमेस्टर प्राइवेट छात्रों के लिए ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया गया था। इस संबंध में छग शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने जानकारी देते हुए बताया, यह ऑनलाइन पोर्टल 2 दिन पहले ही बंद कर दिया गया है, जिससे छात्रों का काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इसे 15-20 दिन और बढ़ाने को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंध को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राधारमन पाण्डेय, सूरज साहू, दिनेश ठाकुर, प्रमोद साहू, हरीश यादव, रोहित मार्कण्डेय, विजय नाग, अमर नायक, ओम जंघेल, अभिषेक यादव, संजू साहू सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### सावंत बनीं विधि विभाग की प्रमुख सचिव

**रायपुर।** राजनांदगांव में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत को प्रतिनियुक्ति पर विधि विभाग में भेजा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने उनकी सेवाएं विधि विभाग को सौंपी हैं। उन्हें विधि विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

### मंदिर प्रबंधन को नोटिस भेजा, महापौर नाराज

**रायपुर ।** नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों से संपत्ति कर नहीं लिया जाता। इसके बाद भी निगम अमले ने ब्राह्मणपारा वार्ड स्थित सोहागा मंदिर जाकर प्रबंधन को संपत्तिकर वसूली का नोटिस दिया। महापौर मीनल चौबे ने इस पर संज्ञान लेते हुए निगम के राजस्व विभाग के मोहर्रिर सुशांत और अमर को शोकॉज नोटिस जारी किया है। साथ ही 3 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 10 जोन के किसी भी वार्ड में स्थित किसी भी मंदिर से निगम द्वारा संपत्ति कर नहीं लिया जाएगा।




## कुछ मृत तो कुछ के मोबाइल नंबर गलत

# निराश्रित पेंशनरों के केवायसी में पता-ठिकाना ढूंढने निगम अमले का छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

निराश्रित पेंशनरों की केवायसी करने में निगम के राजस्व अमले का पसीना छूट रहा है। कहीं पर वार्ड परिसीमन के कारण अमले को पेंशनर के घर का पता-ठिकाना ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ रही है, कहीं मोबाइल नंबर में लोचा है तो कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जो दीपावली मनाने गांव चले गए। एक ही जोन में 47 बुजुर्ग पेंशनरों के पते की पड़ताल की तो पता चला उनका देहांत हो गया। अब उनके नाम पेंशनरों की सूची से हटाए जाएंगे। दिक्कत ये रही कि परिजनों ने उनके गुजरने की सूचना निगम में नहीं दी थी।

नगर निगम का 10 जोन कमिश्नरी का राजस्व अमला इन दिनों राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, निराश्रित और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजन के तहत 26 हजार से अधिक पेंशनरों की केवायसी के काम में जुटा हुआ है। पिछले एक सप्ताह में 8 हजार 228 सीडिंग हो पाई। वहीं पेंशनरों के मोबाइल नंबर सीडिंग का काम 31 फीसदी से आगे नहीं बढ़ पाया है। सबसे ज्यादा परेशानी वार्ड परिसीमन के कारण पेंशनर्स के घर का पता-ठिकाना ढूंढने में आ रही है।

हरिभूमि सरोकार

**केस 1**

### 45 फीसदी पेंशनरों के नहीं मिल रहे मोबाइल नंबर

नगर निगम जोन 5 के 7 वार्डों में पेंशनरों का केवायसी कर रहे राजस्व अमले का कहना है, 45 फीसदी पेंशनरों के मोबाइल नंबर नहीं मिल रहे, क्योंकि कई बुजुर्ग पेंशनरों के पास खुद का मोबाइल फोन नहीं है। पुराने पार्षदों ने पेंशन का फार्म भरते समय अपना मोबाइल नंबर फिलअप कर दिया। इस बीच निकाय चुनाव के बाद वार्ड में नए पार्षद चुनकर आए। उन्हें आवेदक का न मोबाइल नंबर पता है, न घर का एड्रेस। पुराने पार्षद के पास जब पता करने जा रहे तो जवाब मिल रहा कि नए पार्षद से पूछिए, वही बताएंगे। बिना मोबाइल नंबर के ओटीपी नहीं आने से सत्यापन में दिक्कत आ रही है।

- निराश्रित, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजना के हितग्राही
- निगम का राजस्व अमला और स्वच्छता दीदी पेंशनरों के बैंक केवायसी के आधार अपडेट कार्य में जुटे



**केस 2**

### 4 भाग में बंट गया वामनराव लाखे वार्ड

नगर निगम जोन 5 का वामनराव लाखे वार्ड निकाय चुनाव से पहले वार्ड परिसीमन के दौरान चार अलग-अलग भागों में बंट गया। जानकारों का कहना है, पहले इस वार्ड में 321 पेंशनर पंजीकृत थे, जिन्हें हर महीने से इसी वार्ड से पेंशन मिलती थी। परिसीमन के बाद उनकी संख्या घटकर 150 रह गई। ऐसे में कौन पेंशनर किस नए वार्ड में चला गया, इसे ढूंढना मुश्किल हो रहा है। पहले सुधीर मुखर्जी वार्ड पुरानी बस्ती, बंधवापारा सहित आसपास के इलाकों को समाहित कर बनाया गया। परिसीमन के बाद कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड जोन 10 में चला गया। जबकि निगम की बेवसाइट में सुधीर मुखर्जी वार्ड पुराना ही बता रहा है।

**केस 3**

### एक ही जोन में 47 पेंशनर्स दिवंगत

जोन 5 के 7 वार्डों में निराश्रित, विधवा, दिव्यांग, परिवार सहायता सहित अन्य तरह योजनाओं के पेंशन हितग्राहियों का बैंक केवायसी करने गए राजस्व अमले को पड़ताल के दौरान पता चला कि 47 पेंशनर्स ऐसे हैं, जिनका पिछले 6 माह में देहांत हो चुका है, पर परिजनों ने इसकी सूचना न जोन कार्यालय न ही निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा में दी है। अब इन दिवंगत हितग्राहियों के नाम पेंशनरों की सूची से हटाए जाएंगे।

**केस 4**

### त्योहार मनाने गांव गए पेंशनर, दिवाली के बाद लौटेंगे

जोन 7 के संत रामदास वार्ड के रामनगर, भरतनगर में रहने वाले पेंशनर त्योहार मनाने गांव चले गए हैं। पूछने पर पता चला कि दीपावली के बाद घर लौटेंगे। वार्ड पार्षद भोलाराम साहू ने परिजनों से कहा है कि केवायसी जरूरी है, इसलिए बुजुर्ग को गांव से बुलवा लो, नही तो पेंशन में दिक्कत आएगी। परिजन अब गांव जाने वाले हैं।

**केस 5**

### सदर में रहते थे, परिसीमन के बाद दूसरे वार्ड में

सदरबाजार वार्ड में रहने वाले कुछ बुजुर्ग ऐसे भी हैं, जिनका नाम पहले इस वार्ड में था। परिसीमन के बाद दूसरे वार्ड में उनका नाम चला गया। कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जो सदर मोहल्ला छोड़कर दूसरी जगह रहने चले गए। ऐसे में केवायसी करने वाले राजस्व अमले को उनका नाम और पता ढूंढने में परेशानी हो रही है। वे उनके पुराने निवास के आजू-बाजू वाले से पूछ रहे कि आपके पड़ोसी का नया पता क्या है? दिक्कत ये है कि हाल ही में निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर ज्यादातर जोन के राजस्व महकमे के फेरबदल से भी नए कर्मचारी को पेंशनरों का पता ढूंढने में दिक्कत आ रही है। वार्ड पार्षद और जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने इस परेशानी को देखते हुए मोहल्ले के ही एक युवा को इस कार्य में मदद के लिए लगाया है।

# सीएम साय ने कहा- प्रदेश में गाय को राज्य माता घोषित करने पर विचार

- बागेश्वर धाम प्रमुख पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन के दौरान रखी थी मांग


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गायों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि गाय को छत्तीसगढ़ की राज्य माता घोषित करने पर विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अलग-अलग संगठनों की ओर से लंबे समय से गाय को प्रदेश की राज्य माता घोषित किए जाने की मांग उठती रही है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इस संबंध में विचार नहीं किया था। साय सरकार ने इस ओर पहल की है। दरअसल बागेश्वर धाम के प्रमुख पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पिछले पांच दिनों तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रामकथा का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने मंच से प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा था कि गाय को छत्तीसगढ़ की राज्य माता घोषित किया जाना चाहिए। वहीं अब सीएम श्री साय ने इस मामले में बड़ा बयान दिया है कि गाय को राज्य माता का दर्जा देने पर विचार किया जाएगा।

### बैज बोले- यह भाजपा का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा



मुख्यमंत्री द्वारा गाय को राज्य माता घोषित किए जाने संबंधी बयान को कांग्रेस ने भाजपा का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में गायें भूख से मर रही हैं। सरकार उनके चारे-पानी और सुरक्षा की व्यवस्था तो कर नहीं पा रही, मुख्यमंत्री गाय को राज्य माता घोषित करने की बात कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। दो साल में 5 लाख गोवंश गायब हो गए, सरकार ने क्या किया? उन्होंने कहा, भाजपा गाय के नाम पर केवल राजनीति करना जानती है, उसे गोसेवा और गायों के संरक्षण से कोई मतलब नहीं है।

# रीचार्ज सिम बनवाने का झांसा देकर मोबाइल कारोबारी से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नाबालिग सहित दो गिरफ्तार
- तीन दिन पूर्व पंडरी थाना क्षेत्र की घटना

पंडरी पुलिस ने मोबाइल कारोबारी से लूट के आरोप में एक नाबालिग सहित दो बदमाशों को बाइक लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश युवकों ने कारोबारी को मोबाइल रीचार्ज करने सिम प्रोसेस करने तरीका समझाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए और कारोबारी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना 7 अक्टूबर की है।



मोवा में मोबाइल का कारोबार करने वाले मो. शहाबुद्दीन की शिकायत पर पुलिस ने अभिमन्यु यादव तथा उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। शहाबुद्दीन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने शहाबुद्दीन को नया मोबाइल खोलने की बात कहकर सिम रीचार्ज करने प्रोसेस की जानकारी मांगी। इस पर शहाबुद्दीन ने कॉल करने वाले को सिम रीचार्जके बारे में जानकारी दी। कॉल करने वाले ने कारोबारी को नजदीक की एक पान दुकान में मिलने के लिए बुलाया।

### बाइक में साथ ले जाकर रास्ते में की लूट

शहाबुद्दीन के अनुसार, जिस युवक से वह मिलने गया था, उसने कारोबारी को मोबाइल रीचार्ज करने का तरीका बताने साथ चलने के लिए कहा। शहाबुद्दीन को रास्ता पता नहीं था, इस वजह से बदमाश खुद बाइक चलाने लगा। दलदल सिवनी नाला पार करने के बाद शहाबुद्दीन को अपने साथ किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका हुई, इस पर उसने बाइक रोकने कहा। बदमाश ने बाइक रोकने के बजाय बाइक को सुनसान इलाके में ले गया और अपने दूसरे साथी के साथ मिलकर बदमाश शहाबुद्दीन से चाकू की नोक पर बाइक लूटकर ले गया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की जानकारी जुटाकर उनकी गिरफ्तारी की है।

# पुलिस लाइन के सामने शराब दुकान से 50 हजार की महंगी शराब चोरी

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन गेट के सामने स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से दो अज्ञात चोर पीछे की तरफ का दरवाजा तोड़कर तीन हजार रुपए नकदी सहित 50 हजार रुपए कीमत की महंगी शराब चोरी कर ले गए। पुलिस को घटनास्थल से तीन अज्ञात चोरों द्वारा शराब चोरी कर ले जाने के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। फूटेज के आधार पर पुलिस इनकी पतासाजी कर रही है। घटना रविवार रात की बताई जा रही है।

शराब दुकान के कर्मचारी राहुल साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर की रात रोज की तरह दुकान बंद कर रात 10 बजे के बाद दुकान का हिसाब मिलाने के बाद कर्मी घर चले गए। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पर दुकान के अंदर शराब की पेटियां बिखरी पड़ी मिलीं।

पेटियों में रखी महंगी ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें गायब मिलीं। साथ ही दराज को खोलकर चोर नकदी रकम चोरी कर अपने साथ ले गए थे। शराब दुकान में चोरी घटना दिनांक को देर रात 2 बजे हुई है। शराब चोरी करने के बाद एक नीले कलर की मोपेड पर युवक शराब लोड कर ले जाते सीसीटीवी में दिख रहे हैं।

# बिजली कर्मचारियों ने घेरा डगनिया मुख्यालय भवन, लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन-आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ, संविदा विद्युत कर्मचारी संघ सहित अन्य संगठनों ने गुरुवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर डगनिया स्थित विद्युत मुख्यालय भवन का घेराव किया। संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, पुरानी पेंशन योजना और कनिष्ठ यंत्री से सहायक यंत्री के पदोन्नति में आरक्षण को पूर्व के समान करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छत्तीगसढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में आमसभा हुई। इस मौके पर बिजली कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।

- संविदा विद्युत कर्मचारियों के नियमितीकरण और पुरानी पेंशन की मांग

प्रदेशभर के विद्युत संविदा कर्मचारियों ने अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को डगनिया मुख्यालय भवन का घेराव किया।कर्मचारियों ने पॉवर कंपनी प्रबंधन पर वादाखिलाफी और संविदा कर्मचारियों के प्रति दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। संविदा विद्युत कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर अपनी आवाज कंपनी प्रबंधन तक पहुंचाई। डगनिया विद्युत मुख्यालय भवन के सामने हुए धरना प्रदर्शन में



### ... तो करेंगे काम बंद आंदोलन

*इस मौके पर छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने संविदा कर्मचारियों को समायोजित करने की मांग जोर-शोर से उठाई। संघ के अध्यक्ष हरिचरण साहू ने कहा, आमसभा चरणबद्ध आंदोलन का तीसरा चरण है। यदि फिर भी मांग पूरी नहीं हुई तो चतुर्थ चरण में 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन काम बंद आंदोलन करेंगे।*

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी 22 सूत्रीय मांगों को पूरा करने अनिश्चितकालीन आंदोलन का आगाज किया। आंदोलन का संचालन प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय बिजली कर्मचारी संघ के उप महामंत्री हरीश चौहान, पेंशनर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन, पत्रोपाधी अभियंता संघ के अध्यक्ष बीबी जायसवाल आदि शामिल रहे।

# कुकुरबेड़ा मामले में महिला आयोग सख्त एसएसपी को पत्र लिख दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरस्वती नगर क्षेत्र के कुकुरबेड़ा में हुई घटना के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने पुलिस कार्यवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में 11 महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने इस मामले में एसएसपी रायपुर को पत्र लिखकर जांच के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने गुरुवार को रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान कुकुरबेड़ा मामले में भी आयोग ने सुनवाई की। इस प्रकरण में 11 महिलाओं ने उनके साथ बजरंग दल के लोगों द्वारा छेड़छाड़, गाली-गलौच एवं अश्लील हरकत करने की शिकायत की है। सुनवाई के दौरान शिकायत करने वाली महिलाओं ने आयोग को बताया कि घटना के बाद थाना सरस्वती नगर ने सभी महिलाओं को घटनास्थल से गाड़ी में ले जाकर पुलिस लाइन ग्राउंड में घुमाते रहे, पर एफआईआर दर्ज नहीं की। इस घटना के 10 दिन के बाद पुलिस ने



मामूली धाराओं के तहत एफआईआर की। आयोग ने आवेदिका महिलाओं की बातें सुनने के बाद यह माना कि इस मामले की गंभीरता के बाद भी पुलिस आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई न कर उन्हें बचाने के प्रयास में लगी रही। आयोग ने इस मामले में अब रायपुर एसएसपी को पत्र लिखा है, जिसमें इस मामले में सभी तथ्यों की जांच कर रिपोर्ट आयोग में पेश करने कहा है।

*पत्नी-बच्चों के भरण-पोषण के लिए एक एकड़ भूमि एवं 50 हजार रुपए देगा पति : महिला आयोग ने एक अन्य प्रकरण में फैसला सुनाया कि आवेदिका और उसके दो बच्चों के भरण-पोषण के लिए उसका पति एक एकड़ भूमि एवं 50 हजार रुपए देगा। आवेदिका ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि वह उसके साथ नहीं रहता और दूसरी महिलाओं के साथ अवैध रिश्ते बना रखे हैं। इस सुनवाई में अनावेदक पति भी उपस्थित रहा।*

# बिरनपुर हत्याकांड : गवाही देने नहीं पहुंचा शिकायतकर्ता

**रायपुर।** बेमेतरा के बिरनपुर में वर्ष 2023 के चर्चित भुनेश्वर साहू हत्याकांड मामले में गवाही देने नहीं पहुंचने वाले गवाह के खिलाफ सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने भागीरथी साहू के खिलाफ वारंट जारी किया है। भागीरथी ने ही घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। भागीरथी को कोर्ट ने 8 अक्टूबर को गवाही देने वारंट जारी किया था। दूसरे दिन 9 अक्टूबर को भी गवाही पेशी होनी थी, लेकिन किसी शोक कार्यक्रम की वजह से गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई स्थगित हो गई। बच्चों की आपसी विवाद के चलते करीब ढाई साल पहले 8 अप्रैल को दो समुदायों के बीच पथराव के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसी विवाद के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई। भुनेश्वर की हत्या के बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। तब पुलिस ने घटना में शामिल 12 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द की गई। पिछले दिनों सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद 8 अक्टूबर से गवाहों को गवाही देने कोर्ट ने नोटिस जारी किया था। मामले की अगली सुनवाई के लिए अब 12 तथा 13 नवंबर की तिथि निश्चित की गई है। गुरुवार को प्रेमलाल साहू गवाही देने कोर्ट पहुंचे थे। अब 12 नवंबर को भागीरथी की गवाही होगी, दूसरे दिन प्रेमलाल साहू की गवाही होगी।

